


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 251 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 13 जून 2025 डाक 14 जून 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**विविधा**
कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी के खिलाफ पटना के आयकर सर्किल पर नौकरी दो या सत्ता छोड़ो मार्च निकाला....



**देश-विदेश**
बड़ी गिरावट के साथ खुल सकते हैं शेयर बाजार, इजराइल-ईरान की जंग से बढ़ी टेंशन, कच्चे तेल में 7 प्रतिशत की तेजी



**कोरिया पेज**
चोटिया-बैकुंठपुर को राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं बनाने से क्षेत्रीय नागरिकों में नाराजगी



# एयर इंडिया विमान हादसे वाली जगह पर पहुंचे, हादसे में जिंदा बचे एकमात्र यात्री से मिले पीएम मोदी



**अहमदाबाद, 13 जून [एजेंसी]।**

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सिविल अस्पताल में विमान हादसे में घायल लोगों से मुलाकात की। इस विमान हादसे में एकमात्र जिंदा बचे यात्री रमेश विश्वास कुमार से भी मुलाकात की। वहीं चमत्कारिक रूप से बचे प्लेन में सफर कर रहे रमेश विश्वास कुमार से आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। अस्पताल के बिस्तर पर लेटे विश्वास कुमार ने न्यूज चैनल को आपबीती सुनाई, उन्होंने बताया कि प्लेन जैसे ही रनवे पर स्पीड पकड़ने लगा, तभी कुछ अजीब-सा लगा। अचानक 5-10 सेकंड के लिए सब जैसे रुक गया था। सन्नाटा, फिर एकदम से ग्रीन और व्हाइट लाइट्स ऑन हो गईं। लगता था जैसे टेकऑफ के लिए पायलट ने पूरा जोर लगा दिया हो। बस फिर क्या था वो रफ्तार सीधा हॉस्टल की बिल्डिंग में जा घुसी। विश्वास ने बताया कि मेरी सीट प्लेन के जिस हिस्से में थी, वो बिल्डिंग के निचले हिस्से से टकराया होगा। ऊपर के हिस्से में आग लग गई थी, कई लोग वहीं फंसे रह गए। शायद मैं सीट सहित नीचे गिर गया था। मैं जैसे-तैसे निकल पाया। दरवाजा टूट गया था, और सामने कुछ खाली जगह दिखी, तो निकलने की कोशिश की। वे बताते हैं कि दूसरी साइड पर दीवार थी, वहां से शायद कोई नहीं निकल सका। रमेश विश्वास ने बताया कि उनकी आंखों के सामने ही दो एयर होस्टेस, एक अंकल-आंटी और सबकुछ जल रहा था। इस हादसे में विश्वास का बायां हाथ बुरी तरह जल गया, लेकिन जान बच गई। वह बताते हैं कि जैसे ही बाहर आया, आग फैल रही थी. कुछ सेकंड और देर होती तो शायद...

### सिविल अस्पताल में घायलों से पीएम मोदी ने की मुलाकात, अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की । ताजा जानकारी के मुताबिक, विमान हादसे में 265 लोगों की मौत हो गई है। घटनास्थल का दौरा करने के बाद पीएम मोदी सिविल अस्पताल पहुंचे। इस अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है।

### एअर इंडिया विमान को मिली बम से उड़ाने की धमकी, थाईलैंड में प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग

**फुकेत।** थाईलैंड के फुकेट द्वीप से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद आनन फानन में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि सुरक्षापूर्ण तरीके से फ्लाइट एआई-379 लैंड हो गई है। विमान में 156 यात्री सवार थे। इससे पहले गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट हादसे की शिकार हो गई। टेक ऑफ के कुछ सेकेंड के बाद ही विमान बी जे अस्पाताल के हॉस्टल से जाकर टकरा गई।

## इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से लाल निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार



**मुंबई।** इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से शुक्रवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों में भारी गिरावट देखी गई। शुरुआती कारोबार में ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस और पीएसयू बैंक सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सुबह करीब 9.33 बजे, सेंसेक्स 896.5 अंक या 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,795.44 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 278.5 अंक या 1.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,609.70 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी बैंक 633.80 अंक या 1.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55,448.75 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 603.90 अंक या 1.03 प्रतिशत की गिरावट के बाद 57,836.95 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 192.75 अंक या 1.04 प्रतिशत की गिरावट के बाद 18,272.30 पर था। विश्लेषकों का मानना है कि अगर ईरान की ओर से हमला और पलटवार किया जाता है और यह लंबा खिंचता है, तो इजरायल के इस हमले के आर्थिक परिणाम गहरे हो सकते हैं। इजरायल ने घोषणा की है कि यह ऑपरेशन आगे कई दिनों तक जारी रहेगा। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके विजयकुमार ने कहा, बाजार पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि यह मौजूदा संघर्ष कितने समय तक जारी रहता है। निकट भविष्य में बाजार रिस्क-ऑफ मोड में रहेगा। एविएशन, पेंट, एडहेसिव और टायर जैसे ऑयल डेरिवेटिव का इस्तेमाल करने वाले सेक्टर को भारी नुकसान होगा।

# इजरायल ने ईरान पर किया हमला राजधानी तेहरान में जोरदार धमाके

## ईरान के सेना प्रमुख की मौत



**यरूशलम, 13 जून [एजेंसी]।**

आशंका थी कि इजरायल ईरान पर जल्द हमला करने वाला है, लेकिन इजरायल ने आज सुबह को ही ईरान की राजधानी तेहरान में बमबारी कर दी। इजरायल ने बयान जारी कर कहा कि उसने ईरान पर हमला किया है, और ईरानी मीडिया ने कहा कि तेहरान में विस्फोटों की आवाज सुनी दी गई है। इजरायल ने कहा कि वह तेहरान द्वारा मिसाइल और ड्रोन हमले की आशंका के चलते देश में आपातकाल घोषित कर रहा है। हमले में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ मारे गए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि कुछ ही समय पहले इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया है, जो इजरायल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को खत्म करने के लिए एक लक्षित सैन्य अभियान है। यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक इसका खतरा खत्म नहीं हो जाता।एक इजरायली सैन्य अधिकारी ने कहा कि इजरायल दर्जनों परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहा है। अधिकारी ने कहा कि ईरान के पास कुछ ही दिनों में 15 परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त सामग्री है। सीएनएन ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक कैबिनेट बैठक बुला रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इजरायल ईरान के बीच अमेरिका टकराव नहीं चाहता है। इधर अमेरिका ने पश्चिम एशिया के देशों के अपने दूतावासों में राजनयिकों और उनके परिवारीजनों की संख्या कम करनी शुरू कर दी है।

इजरायल स्थित दूतावास में नियुक्त लोगों को आवागमन सीमित करने के लिए कहा गया है।उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी लोग वहां से निकल जाएं। यह क्षेत्र खतरनाक होने वाला है। ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने दिया जाएगा।ट्रंप ने कहा है कि परमाणु मसले पर वार्ता में प्रगति नहीं हुई तो ईरान पर बमबारी होगी। कहा, लगातार वार्ता के बावजूद उन्हें बहुत कम उम्मीद है कि ईरान यूरेनियम का शोधन कम करने के लिए तैयार हो जाएगा।

### ईरान पर हमले के बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की दो टूक, कहा- हमने सबक सिखाया, खतरे को कम किया

**तेल अवीव ।** ईरान पर किए गए हमले की इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि हमारे हमले का उद्देश्य ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के खतरे को कम करना है। हमें उम्मीद है कि ईरान को करारा सबक सिखाया गया है। उम्मीद है कि यह अब दोबारा नहीं होगा। इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने ऑपरेशन राइजिंग लायन शुरू करने का एलान किया। उन्होंने कहा कि इस्राइल ने ईरानी ठिकानों पर हमला किया है। कुछ ही समय पहले इस्राइल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया, जो इस्राइल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को कम करने के लिए सैन्य अभियान था। उन्होंने कहा कि यह मिशन खतरे को खत्म करने के लिए जितने दिन लगेंगे, उतने दिन तक जारी रहेगा। उन्होंने ईरान पर वैश्विक चेतावनियों को दरकिनार करते हुए परमाणु हथियार कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में ईरान ने नौ परमाणु बमों के लिए पर्याप्त संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि तेहरान ने यूरेनियम को हथियार बनाने के लिए कदम उठाए हैं।




## लोकल चावल सप्लाई कर, दो राइस मिलर कमा रहे थे करोड़ों रूपए,एफआईआर दर्ज

**रायपुर।** राजधानी में लोकल चावल में चर्चित ब्रांड का लेबल लगाकर ऊंची कीमत में बेचने का नया मामला सामने आया है। दिल्ली कोर्ट के आदेश पर नियुक्त अफसरों की टीम ने छापा मारकर 180 टन चावल जब्त किया है। इसमें 90 टन तो अब्बा हुजूर ब्रांड का चावल है। ये चर्चित ब्रांड में से एक है। अब्बा हुजूर का लेबल लगाकर निम्न क्वालिटी का चावल बोरियों में भरकर बेचा जा रहा था। जबकि कीमत अब्बा हुजूर के हिसाब से ली जा रही थी। इसमें दो राइस मिलरों की भूमिका जांच के घेरे में है। उनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। ओरिजनल ब्रांड के संचालकों का आरोप है कि रायपुर में इस तरह का काम कई जगहों पर हो रहा है। अब्बा हुजूर के मेन सप्लायरों तक शिकायत पहुंचने के बाद दिल्ली से टीम भेजी गई थी। उसी टीम ने छापा मारकर 180 टन चावल जब्त किया है। राजधानी में अब्बा हुजूर ब्रांड के चावल की अभी अच्छी डिमांड है। इस चावल का प्रोडक्शन वासंता राइस इंडस्ट्रीज मिर्यालगुडा तेलंगाना वाले करते हैं। पिछले महीने ही उन्हें सूचना मिली थी कि उनके ब्रांड का दुरुपयोग किया जा रहा है। उनकी इंडस्ट्रीज में बनीं बोरियों का डुप्लीकेट बनाकर उसमें लोकल चावल भरकर बेचा जा रहा है। उन्होंने ऐसे राइस मिलरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पटियाला हाउस कोर्ट दिल्ली में याचिका दायर की। कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला देते हुए 2 न्यायालय आयुक्तों की नियुक्ति कर छापा मारने के आदेश दिए।

### डायरिया का जांजगीर चांपा में कहर, 3 लोगों की मौत

**जांजगीर।** अकलतरा विकासखंड के अकलतरी गांव में डायरिया का प्रकोप फैला हुआ है। यहां 20 से अधिक लोग पीड़ित हैं। वहीं अब तक तीन पीड़ितों की मौत हुई है। गांव में डायरिया फैलने की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग ने गांव में कैंप लगाकर मरीजों का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया है। गांव में डायरिया फैलने का कारण अज्ञात है। स्वास्थ्य विभाग की टीम और पीएचईके अधिकारी डायरिया फैलने की वजह जानने में जुटे हैं। गांव के पानी की जांच करने सैंपल भेजा गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्रामीणों के इलाज में जुटी है। वहीं गंभीर मरीजों को अकलतरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जा रहा है।

## एलजी ने पीडब्ल्यूडी इंजीनियर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई को मंजूरी दी



**नईदिल्ली, 13 जून [एजेंसी]।**

उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत कक्षाओं के निर्माण में कथित अनियमितताओं के लिए एक वरिष्ठ पीडब्ल्यूडी इंजीनियर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, एलजी हाउस की ओर से एक बयान में कहा गया है। बयान में कहा गया है कि कथित अधिकारी, एक पूर्व कार्यकारी अभियंता, वर्तमान में अमृतसर में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) में तैनात है। अधिकारियों ने कहा कि यह निर्णय समग्र शिक्षा अभियान के कार्यान्वयन में पहचानी गई गंभीर अनियमितताओं के बाद लिया गया है, जो दिल्ली में शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के उद्देश्य से एक केंद्र प्रायोजित पहल है, जिसे विभिन्न स्कूलों में 226 कक्षाओं के निर्माण के लिए 38.37 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे।

अधिकारियों ने कहा कि सतर्कता विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के नियम-14 के तहत पीडब्ल्यूडी इंजीनियर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने का प्रस्ताव दिया था, जिसे प्रमुख सचिव (सतर्कता) और मुख्य सचिव दोनों से समर्थन मिला है।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## बुलडोजर एक्शन से मचा हड़कंप

### चंद घंटों में स्विमिंग पूल और फार्म हाउस ध्वस्त, 2 करोड़ की जमीन कब्जामुक्त

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दलेलपुर गांव में पंचायत भवन की



जमीन पर बने फार्म हाउस को सदर तहसील प्रशासन की टीम ने ध्वस्त करा दिया। बताया गया कि जमीन पर फार्म हाउस व उसके अंदर स्विमिंग पूल बना था। दो जेसीबी से इसको ध्वस्त कराया गया। कब्जा मुक्त होने के बाद अब पंचायत भवन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया। जानकारी के अनुसार, अतिक्रमण मुक्त कराई गई 2000 मीटर जमीन की कीमत करीब 2.2 करोड़ रुपये है। इस दौरान तहसीलदार ओम प्रकाश पासवान व नायब तहसीलदार ज्योत्सना सिंह मौजूद रहीं।

### श्रद्धालुओं से भरी पिकप पलटी मचा कोहराम, 18 घायल

**प्रयागराज।** मध्य प्रदेश से संगम स्नान को आए श्रद्धालुओं से भरी पिकप शुक्रवार सुबह परेड मैदान स्थित काली सड़क के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें 18 श्रद्धालु घायल हो गए। सभी को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरबा जिले को दी 223 करोड़ की विकास कार्यों की सौगात

## 199 करोड़ से अधिक राशि के 50 विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन, 24 करोड़ से अधिक राशि के 16 कार्यों का लोकार्पण






**कोरबा।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज कोरबा जिले के प्रवास के दौरान जिलेवासियों को लगभग 223 करोड़ 88 लाख 41 हजार से अधिक लागत की 66 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। श्री साय ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत किए जा रहे 66 विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों में 24 करोड़ 10 लाख 70 हजार से अधिक राशि के 16 कार्यों का लोकार्पण एवं 199 करोड़ 77 लाख 71 हजार से अधिक राशि की 50 कार्यों का भूमिपूजन/शिलान्यास शामिल हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने कन्वेंशन सेंटर में लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का लोकार्पण किया और कन्वेंशन सेंटर को लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम से नामकरण किया।मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा किए जाने वाली 16 लोकार्पण कार्यों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत 15 करोड़ 06 लाख 77 हजार लागत के 11 कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम केरवाद्वारी, डूमरडीह, कोरकोमा, कसईपाली, बारी उमरांव, कपोट, नुनेरा, कोटमर्रा, लैंगा, बेतलो और सरपता में एकल ग्राम योजना शामिल है। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत भैसमा, कुदमुरा और पसान में 75-75 लाख की लागत से नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण, नगर पालिक निगम कोरबा के अन्तर्गत 03 करोड़ 58 लाख की लागत से स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय एनसीडीसी कोरबा में नवीन भवन/जीर्णोद्धार कार्य, और क्रेड़ा विभाग अन्तर्गत 03 करोड़ 20 लाख 70 हजार 920 रूपये की लागत से कोरबा जिले के 47 छात्रावासों/आश्रमों में 2.4 किलोवाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट स्थापना कार्य शामिल हैं। भूमि पूजन के कार्यों के अंतर्गत नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर पालिका निगम कोरबा व नगर पालिका परिषद दीपका में डीएमएफ, 15 वें वित्त सहित अन्य मदों से 15 करोड़ 38 लाख 85 हजार लागत के 09 कार्यों का भूमि पूजन/शिलान्यास किया गया। इनमें 06 करोड़ 66 लाख 35 हजार की लागत से 15 वें वित्त अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा हेतु 100 टीपीडी सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट, 05 करोड़ 78 लाख एक हजार की लागत से प्रधानमंत्री ई-बस सेवा अंतर्गत दर्री जोन क्रमांक 06 में सिटी बस डिपो/टर्मिनल कॉपलेक्स का निर्माण कार्य, 41 लाख 13 हजार की लागत से 100 बैड हॉस्पिटल में एसएनसीयू हॉल, गैलरी शेड, रैम्प एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य, 61 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 32 में प्रशिक्षण हाल निर्माण, वार्ड क्रमांक 31 में 50 लाख की लागत से प्रशिक्षण हॉल निर्माण, 25 लाख की लागत से अयोध्यापुरी तालाब में जल संवर्धन हेतु निर्माण कार्य, 42 लाख 31 हजार की लागत से भू-जल स्त्रोत सुधार के लिए रिचार्ज वेल, डिसिल्टींग, आयल एवं ग्रीस ट्रैपिंग का निर्माण कार्य, नगर पालिका परिषद दीपका अंतर्गत 68 लाख 20 हजार की लागत से निकाय क्षेत्रांतर्गत घरों में पेयजल हेतु सर्विस कनेक्शन प्रदाय कार्य और 06 लाख 85 हजार लागत की वार्ड क्रमांक 06 में टॉवर रोड से गणेश साहू घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य शामिल हैं। इसी तरह ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अंतर्गत जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 03 करोड़ 72 लाख 08 हजार की लागत से 07 कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें 01 करोड़ 84 लाख 68 हजार की लागत से विकासखंड स्तर पर 04 ट्रेनिंग हॉल, 49 लाख 98 हजार की लागत से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार में 01 प्रयोगशाला कक्ष, 30 लाख 65 हजार की लागत से प्राथमिक शाला हेतु 02 नवीन भवन, 33 लाख 20 हजार की लागत से माध्यमिक शाला हेतु 02 नवीन भवन निर्माण, 36 लाख 90 हजार की लागत से शासकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र नोनदरहा हेतु नवीन भवन निर्माण, 26 लाख 67 हजार की लागत से खाद भंडारण केन्द्र कटघोरा में अहाता निर्माण और 10 लाख की लागत से कलमीटिकरा से बरपाली आर.डी. 2 किलोमीटर में पुलिया निर्माण कार्य शामिल है। जल संसाधन विभाग अंतर्गत 02 करोड़ 79 लाख 32 हजार की लागत से तेन्दुभाठा एनीकट और 02 करोड़ 89 लाख 13 हजार की लागत से हाउसिंग बोर्ड कालोनी उरगा के पास डोमनाला स्टापडेम का निर्माण कार्य, कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र. 3 माचाडोली अंतर्गत मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना के तहत 03 करोड़ 02 लाख 25 हजार की लागत से कोरबा जिले के मिनीमाता बांगो बांध परिक्षेत्र में स्थित आई.बी.(निरीक्षण गृह) का जीर्णोद्धार कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के तहत 01 करोड़ 19 लाख 78 हजार की लागत से पोंड़ी उपरोड़ा से जिला खनिज संस्थान न्यास से स्वीकृत लेपरा मार्ग के 274 मीटर लंबाई में पुर्ननिर्माण एवं रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय उर्जा विकास अभिकरण अंतर्गत 02 करोड़ 68 लाख 89 हजार 100 की लागत से विभिन्न स्थलों में 50 नग सोलर हाईमास्ट संयंत्र स्थापना कार्य, 02 करोड़ 14 हजार 350 की लागत से 50 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में 1.2 किलोवाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट स्थापना कार्य और लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 166 करोड़ 07 लाख 27 हजार की लागत से पुल-पुलिया, सड़क, भवन निर्माण, पहुंच मार्ग निर्माण सहित कुल 28 कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन कटघोरा विधायक श्री प्रेम चंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपुत सहित जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**एक पेड़ माँ के नाम पर मुख्यमंत्री ने लगाए सिंदूरी के पौधे**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने एक पेड़ माँ के नाम के तहत रिसदी के कन्वेन्शन सेंटर परिसर में सिंदूरी पेड़ का रोपण किया। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने मौलश्री, मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने बादाम के पौधे का रोपण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवनी पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

# कोरबावासियों को मिलेगा कन्वेन्शन सेंटर का लाभ :सीएम




**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज कोरबा शहर के रिसदी में नवनिर्मित कन्वेन्शन सेंटर के नामकरण, प्रतिमा अनावरण और 223 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कन्वेन्शन सेंटर का नाम माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर करने के साथ ही प्रवेश द्वार पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज कोरबा जिले को करोड़ो रूपये के विकास कार्यों की सौगात मिली है। इसमे 145 करोड़ रुपए के सड़क से सम्बंधित कार्य शामिल भी है। इससे जिले में आवागमन बेहतर होगा और कोरबावासियों को भी इसका समुचित लाभ मिलेगा। उन्होंने कन्वेन्शन सेंटर को वातानुकूलित बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि कन्वेन्शन सेंटर बहुत बड़ा है और इसमे अनेक बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। कोरबावासियों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने हाऊसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित कन्वेन्शन सेंटर की प्रशंसा भी की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वे छः माह पहले भी कोरबा आये थे,इस दौरान भी 600 करोड़ से अधिक की राशि के विभिन्न विकास कार्यों की सौगातें दी गई। आज सवा दो सौ करोड़ के विकास कार्यों की सौगात से कोरबा के लोगो को लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर के प्रतिमा का अनावरण भी किया है। वे इंदौर की महारानी थी और निष्पक्ष और न्यायप्रिय थी। उन्होंने देश के महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों, धार्मिक स्थलों को संवारा और पहचान दिलाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कोरबा जिले में ऐलुमिनियम पार्क की स्थापना की आई मांग पर भी आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। कोरबावासियों को विकास कार्यों की सौगात मिलने के साथ ही कन्वेन्शन सेंटर का नामकरण माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर किया गया। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर की जीवन को रेखांकित करते हुए कहा कि माता अहिल्याबाई ने महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने, नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ ही देश के तीर्थ स्थानों, धार्मिक स्थलों को संवारने का काम किया। अपने राज्य की जनता के सुख-दुख में सहभागी बनने के साथ ही देश को आगे बढ़ाने का काम किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने प्रतिमा अनावरण एवं नामकरण होने पर सभी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उद्योग, वाणिज्य एवं श्रममंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विगत 16 माह के कार्यकाल में प्रदेश में विकास की गंगा बहाई है। उन्होंने मोदी की गारंटी को पूरा कर गरीबों का कल्याण किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कुछ दिन पहले ही कोरबावासियों को 650 करोड़ रूपये से अधिक राशि के विकास कार्यों की सौगात दी थी। बजट में भी उन्होंने कोरबा जिले के विकास के लिए राशि का प्रावधान किया है। इसके साथ ही वे जनता के प्रति संकल्पित होकर राज्य को विकास की दिशा में आगे ले जा रहे हैं। मंत्री श्री देवांगन ने कोरबा जिले में एल्युमिनियम पार्क की स्थापना के लिये मुख्यमंत्री से आवश्यक सहयोग की भी मांग रखी। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि 223 करोड़ के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन होने से जिले वासियों को इसका लाभ मिलेगा। इन कार्यों में लगभग 150 करोड़ रूपये के सड़क निर्माण के कार्य भी शामिल है। सड़क, पुल-पुलिया निर्माण से दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को आवागमन में आसानी होगी। उन्होंने कन्वेन्शन सेंटर का नामकरण लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर किये जाने को कोरबा जिला के लिये गौरव का विषय बताया। कलेक्टर ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के शासन, शिक्षा आदि के योगदान को भी रेखांकित किया। इस अवसर पर कटघोरा विधायक श्री प्रेम चंद पटेल, अध्यक्ष गृह निर्माण मंडल श्री अनुराग सिंहदेव, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कंवर, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपुत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री श्री ननकीराम कंवर, सहित जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

प्लेन क्रैश में मृत लोगो के प्रति जताई संवेदना

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने गुजरात से लंदन जा रही प्लेन के क्रैश होने की घटना और इसमे मृत लोगो के प्रति श्रदांजलि व्यक्त करते हुए उनके प्रति संवेदना प्रकट की।

## सहायक विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा हेतु उड़नदस्ता दल गठित

**कोरबा ।** सहायक विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 जून रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण हेतु 04 उड़नदस्ता दल के गठन हेतु आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार दल क्रमांक 01 अंतर्गत परीक्षा केंद्र 22001 से 22010 तक के निरीक्षण के लिए तहसीलदार दर्री श्री बजरंग लाल साहू, अधीक्षक भू-अभिलेख श्री अमित झा और नायब तहसीलदार कोरबा श्रीमती सविता सिदार को शामिल किया गया है। इसी प्रकार दल क्रमांक 02 परीक्षा केंद्र 22011 से 22020 तक के लिये उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा श्रीमती दिशा शुक्ला, नायब तहसीलदार श्री मधुसूदन, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती श्रद्धा चंद्रा, दल क्रमांक 03 परीक्षा केन्द्र 22.21 से 22031 तक के लिए उप संचालक पंचायत सुश्री जुली तिर्की, नायब तहसीलदार श्री विमल खांडेकर, खाद्य निरीक्षक श्रीमती उर्मिला गुप्ता और दल क्रमांक 4 परीक्षा केन्द्र 22032 से 22043 तक के निरीक्षण के लिए सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह, तहसीलदार श्री लीलाधर ध्रुव एवं अधीक्षक भू-अभिलेख श्रीमती पूजा अग्रवाल की ड्यूटी निर्धारित की गई है। उपरोक्त अधिकारी-कर्मचारियों को परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व अपनी उपस्थिति कलेक्टर कार्यालय में नोडल अधिकारी को अनिवार्य रूप से देने के लिए निर्देशत किया गया है। साथ ही 13 जून को प्रातः 11 बजे शासकीय पीजी कालेज कोरबा में ब्रिफिंग हेतु बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

## राज्य महिला आयोग की सुनवाई 18 जून को

**कोरबा ।** जिले में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित जिले से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई आयोग की गठित न्यायपीठ द्वारा अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, संभाग प्रभारी श्रीमती सरला कोसरिया, सह प्रभारी श्रीमती प्रियवन्दा सिंह जूदेव द्वारा की जाएगी। यह सुनवाई कलेक्टोरेट सभाकक्ष कोरबा में 18 जून को प्रातः 11 बजे से की जाएगी।

## अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने जताया गहरा शोक

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी कोरबा के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने अहमदाबाद विमान हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे अत्यंत पीड़ादायक और मर्मांतक क्षण बताया है। श्री मोदी ने हादसे में दिवंगत हुए लोगों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## मुख्यमंत्री साय का पुलिस लाइन हेलीपेड पर जनप्रतिनिधियों ने किया आत्मीय स्वागत

**कोरबा।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का कोरबा के पुलिस लाइन हेलीपेड पर आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव भी आए। हेलीपेड पर मुख्यमंत्री श्री साय का कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, पूर्व गृह मंत्री श्री ननकी राम कंवर, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, आईजी श्री संजीव शुक्ला, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, एसपी श्री सिद्धार्थ तिवारी, मुख्य वन संरक्षक प्रभात मिश्रा, डीएफओ कोरबा श्री मयंक अग्रवाल, कटघोरा डीएफओ श्री कुमार निशांत सहित अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

## चिकित्सालय से हुए चिकित्सक गायब- विधायक ने जताई नाराजगी

**कोरबा ।** कोरबा जिले में ग्राम पंचायत तिलाईडांड के अंतर्गत ग्राम पंडरीपानी निवासी माखन कंवर को 11 जून की रात लगभग 7: 30 बजे जहरीले बेलिया करैत सर्प ने काट लिया। गंभीर स्थिति में परिजन उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजगरबहार लेकर पहुंचे, लेकिन वहां ताला लगा मिला। जब परिजन स्टाफ नर्स को बुलाने गए तो उन्होंने स्नेक बाइट के इलाज से मना कर दिया। जबकि फार्मासिस्ट ने बताया कि अस्पताल में 35 से 40 डोज एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध है। सबसे हैरानी की बात यह रही कि अस्पताल प्रभारी नाइट ड्यूटी में होने के बावजूद मौजूद नहीं थीं और उनका मोबाइल बंद आ रहा था।

बताया गया कि वह अपने सरकारी आवास के बजाय निजी निवास पर थीं। स्थानीय लोगों ने इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए क्षेत्रीय विधायक फूलसिंह राठिया को सूचना दी। विधायक ने तत्काल जिला सीएमओ से संपर्क कर जिम्मेदार चिकित्सक पर सख्त कार्यवाही की मांग करी। पीड़ित के परिजनों ने बताया कि बिजली कटने पर अस्पताल में इनवर्टर की सुविधा के बावजूद स्टाफ नदारद रहता है। इलाज न मिलने की स्थिति में परिजन झाड़-फूंक और जड़ी-बूटी का सहारा लेने को मजबूर हुए, जिससे किसी तरह माखन कंवर की जान बच पाई। जानकारी के अनुसार यह पहली बार नहीं हैं पूर्व में भी चिकित्सालय की लापरवाही को लेकर कई शिकायतें हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ऐसे लापरवाह चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में किसी की जान खतरे में न पड़े। वनांचल क्षेत्रों में मौसम बदलते ही जहरीले सांपों का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में प्राथमिक उपचार समय पर मिलना जरूरी होता है।

# सडक हादसे में पीड़ित को जल्द मिलेगा 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज

### सडक दुर्घटना नगदी उपचार स्कीम के लिए विभागीय रूपरेखा की जा रही तैयार

**कोरबा ।** सडक दुर्घटनाओं में घायल किसी भी व्यक्ति को जल्द चिन्हांकित अस्पतालों में 1.5 लाख रुपए तक नगद रहित (कैशलेस) चिकित्सा उपचार मिलेगा। शासन द्वारा अधिसूचित सडक दुर्घटना नगदी उपचार स्कीम 2025 विगत 5 मई 2025 से प्रभावी हो चुकी है। इसके तहत दुर्घटना के बाद अधिकतम 7 दिन तक इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इसकी विभागीय रूपरेखा तैयार की जा रही है। जल्द यह सुविधा पीड़ितों को मिलने लगेगी। यह स्कीम मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 165 के तहत लागू की गई है, जिसका उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना है। योजना के सुचारु क्रियान्वयन और जागरुकता के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन जागरुकता अभियान चलाया जाना है। इस योजना के तहत कोई भी व्यक्ति जो मोटर यान से हुई सडक दुर्घटना का शिकार होता है, वह नामित अस्पतालों में अधिकतम डेढ़ लाख रुपए तक का नगद रहित उपचार प्राप्त करने का पात्र होगा। अगर किसी अन्य अस्पताल में घायल को ले जाया जाता है, तो वहां केवल प्राथमिक इलाज होगा। इसके बाद मरीज को तुरंत चिन्हित अस्पताल में रेफर किया जाएगा, जिसकी जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाएगी।

### नोडल एजेंसी और प्रबंधन तंत्र

राज्य सडक़ सुरक्षा परिषद को इस योजना के लिए राज्य स्तरीय नोडल अभिकरण बनाया गया है। यह एजेंसी इलाज करने वाले अस्पतालों को भुगतान, पोर्टल प्रबंधन, योजना के दुरुपयोग की रोकथाम और शिकायत निवारण की पूरी जिम्मेदारी निभाएगी।

## आपदा प्रबंधन के लिए सुरक्षा बलों ने किया अभ्यास

**कोरबा।** कार्यस्थल पर सुरक्षा और आपातकालीन तैयारी के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के तहत, एनटीपीसी कोरबा ने अपने परिसर में - 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम एनटीपीसी कोरबा के सुरक्षा विभाग द्वारा, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की 3वीं बटालियन, मुंडली, कटक (ओडिशा) के विशेषज्ञों के सहयोग से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्रों का नेतृत्व उपनिरीक्षक हेमराज पांडेय और उनकी टीम ने किया। इस अभ्यास का उद्देश्य एनटीपीसी के कर्मचारियों को प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव प्रदान करना था।



## बिजली कर्मचचारी महासंघ की बैठक में अनेक निर्णय

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 8 जून को रायपुर स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गुढ़ियारी में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष बी.एस. राजपूत व संचालन महामंत्री नवरतन बरेठ ने किया।बैठक में विगत कार्यों की समीक्षा, आय-व्यय प्रतिवेदन, क्षेत्रीय रिपोर्ट एवं महासंघ की आगामी योजनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही अप्रैल माह में सम्पन्न अभाविम महासंघ के त्रैवार्षिक अधिवेशन का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर अनुमोदित किया गया।महत्वपूर्ण निर्णय के तहत महासंघ का द्विवार्षिक अधिवेशन आगामी 27 जुलाई या 3 अगस्त को उर्जाधानी कोरबा में आयोजित होगा। इसके पूर्व प्रदेशभर में पदाधिकारी संपर्क अभियान चलाएंगे।बैठक में पुरानी पेंशन, संविदा नियमितीकरण, तकनीकी भत्ता, लंबित पदोन्नति जैसे मुद्दों पर चिंता जताते हुए निर्णय लिया गया कि यदि चेयरमैन से आगामी बैठक में सकारात्मक परिणाम नहीं मिलता है, तो महासंघ वृहद आंदोलन करेगा।अंत में कार्यकारी अध्यक्ष संजय तिवारी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान अ.भा. मंत्री राधेश्याम जायसवाल, प्रदेश संगठन मंत्री हरीश चौहान, महामंत्री अरुण देवांगन, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, ठेका प्रभारी एस.के. मजूमदार समेत प्रदेशभर से कार्यसमिति सदस्य उपस्थित रहे।

# आईएफएस एसोसिएशन के पदाधिकारी घोषित

**कोरबा।** भारतीय वन सेवा एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में एडिशनल पीसीसीएफ (वित्त/बजट एवं उत्पादन) संजीता गुप्ता को एसोसिएशन का नया अध्यक्ष बनाया गया है। सभी पदों पर सर्वसम्मति से चयन हुआ। बता दें कि संजीता गुप्ता छत्तीसगढ़ वन विभाग में एक वरिष्ठ और सम्मानित अधिकारी मानी जाती हैं, और उनके नेतृत्व में एसोसिएशन से सेवा हित में सकारात्मक और रचनात्मक कार्य की उम्मीद की जा रही है। नई कार्यकारिणी में जिन अन्य अधिकारियों को पदभार सौंपा गया है, उनमें उपाध्यक्ष पद के लिए सीएसएफ रायपुर में पदस्थ राजू अगासी मनी को चुना गया है। वहीं, सचिव की जिम्मेदारी आलोक तिवारी (द्यश्वद्म , जो वर्तमान में वाइल्डलाइफ सीएफ हैं, को दी गई है। संयुक्त सचिव बनाए गए हैं गुरु नाथन, जो डीसीएफ भूप्रबंधन में कार्यरत हैं। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी रायपुर के डीएफओ (ष्ठस्नह्र ऋद्बद्गश्चह्लह्न) लोकनाथ पटेल को दी गई है। इन पदाधिकारियों के अलावा 15 अन्य ढ्ढस्नस् अधिकारियों को कार्यकारी समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। एसोसिएशन के संरक्षक और वर्तमान पीसीसीएफ (वन बल प्रमुख) वी. श्रीनिवास राव ऋड्डश) ने नव-निर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी वन सेवा के अधिकारियों की आवाज़ को मजबूत करेगी और विभागीय कार्यों में सहयोग की भावना को बढ़ाएगी।

# राशन वितरण में अंगूठे की जगह ओटीपी सिस्टम बना जी का जंजाल

**जाजगीर-चांपा।** इस बार तीन महीने का पीडीएस चावल एकमुश्त बांटा जा रहा है। इसके लिए इस बार ईपॉश मशीन में अंगूठे लगाने के बजाए मोबाइल ओटीपी का सिस्टम लागू कर दिया है। इसमें हितग्राही का आधार लिंक होना जरूरी है और मोबाइल नंबर भी जरूरी है जिसमें ओटीपी आ रहा है। अंगूठे की जगह ओपीटी ऑप्सन हितग्राहियों के लिए जी का जंजाल साचित हो रहा है।

कई हितग्राहियों का आधार लिंक नहीं है या फिर आधार लिंक वाला मोबाइल नंबर बंद हो चुका है। जिनका आधार लिंक है तो भी ओटीपी घंटों बाद आ रहा है। जसके चलते राशन वितरण में परेशानी उठानी पड रही है। स्थिति यह है कि राशन पाने वाले हितग्राहियों की लंबी कतारें लग रही है। बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए पीडीएस दुकानो में तीन महीने जून, जुलाई एवं अगस्त महीने का चावल एक साथ दिया जा रहा है। ताकि लोगों को बरसात के समय में राशन पाने के लिए किसी तरह की कोई पड़े। लेकिन सर्वर डाउन होने और ओटीपी नंबर ने हितग्राहियों की परेशानी बढ़ा दी है। अब तक ईपास मशीन में अंगूठे का निशान देकर हितग्राहियों को राशन वितरण होता आ रहा था। अब बताया जा रहा है कि जिस कंपनी के द्वारा अब तक मशीनों का संचालन किया जा रहा था उससे अनुबंध खत्म हो गया है और अब तक पुरानी मशीनों को रिप्लेस नहीं कियों गया है। यही वजह है कि इस बार ओटीपी का सिस्टम लाना पड़ा जिससे परेशानी और बढ़ गई है।



**3 लाख 43 हजार से अधिक राशन कार्डधारी**

जांजगीर-चांपा जिले में 3 लाख 43 हजार से अधिक राशन कार्ड धारी है। इनमें अंत्योदय कार्डधारी 48 हजार 943 निराश्रित, निराश्रित कार्डधारी 1 हजार 672, प्राथमिकता कार्डधारी 2 लाख 63 हजार 96 है। इसी प्रकार नि:शक्तजन कार्डधारी 875 एवं एपीएल के तहत 29 हजार 102 परिवार के राशन कार्ड बनाए गए है। ओपीटी सिस्टम से हो रहा वितरण... वार्ड क्रमांक 5 स्थित पीडीएस दुकान के संचालक भोजासिया के मुताविक, तीन माह का राशन एकमुश्त बांटा जा रहा है। इस बार आधार लिंक मोबाइल नंबर के जरिए ओटीपी सिस्टम में हितग्राहियों को राशन वितरण करने का आदेश मिला है। इसी आधार पर वितरण किया जा रहा है।

## नौकरी लगाने के नाम पर 12 लाख की ठगी, आरक्षक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सशत्र बल में आरक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 12 लाख 40 हजार की धोखाधडी करने वाले आरक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला डभरा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में डभरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डभरा क्षेत्र के रहने वाले दिलेश्वर बरेठ समेत अन्य दो लोगों से सीएएफ आरक्षक दुर्गेश चंद्रा द्वारा छत्तीसगढ़ सशख बल में आरक्षक छात्रावास अधीक्षक, मंत्रालय में सहायक ग्रेड 2 एवं चपरासी के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 12 लाख 40 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई थी। इस मामले में प्रार्थी द्वारा डभरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले में पहले तो प्रार्थी एवं उनके दो अन्य साथियों ने नौकरी नहीं लगने की स्थिति में राशि वापस करने की मांग भी की थी, लेकिन आरोपी आरक्षक द्वारा उनकी बातों को अनसुना कर दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सीएएफ आरक्षक दुर्गेश चंद्रा को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया है। इसके पूर्व बिलासपुर नगरनिगम में नौकरी लगाने के नाम पर 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आ चुका है।

## नल-जल योजना ठप, गहराया जल संकट, हैण्डपंप भी खराब



**जांजगीर चांपा।** गोधना के निवासियों को बीते 15 दिनों से गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। शांति मोहल्ला में स्थित नल-जल योजना की टंकी बंद पड़ी है, जिससे शांति मोहल्ला और भाठापारा में जल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो चुकी है। नल-जल के बंद होने के कारण लोग अब हैंडपंपों पर निर्भर हो गए हैं, लेकिन अधिकतर हैंडपंप या तो खराब हैं या उनमें पानी बहुत देर से आ रहा है। कई स्थानों पर स्थित हैंडपंप खराब हो चुके हैं।

शांति मोहल्ला में पोशाक घर के पास का हैंडपंप, अंबेडकर चौक का हैंडपंप और पुराना बाजार चौक के पास संतोष पोल्ट्री फार्म के पास स्थित हैंडपंप उपयोग लायक नहीं रह गए हैं। इससे ग्रामीणों को दूर-दराज के इलाकों से पानी लाना पड़ रहा है। खासकर महिलाओं और बच्चों को सुबह से शाम तक पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उन्होंने सरपंच और पंचों को कई बार समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पानी जैसी बुनियादी सुविधा के लिए भी उन्हें दर-दर भटकना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में जब जल की मांग बढ़ जाती है, ऐसे समय में प्रशासन और पंचायत की उदासीनता से लोग आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पंचायत से मांग की है कि जब तक बरसात नहीं होती, तब तक जल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए और खराब हैंडपंपों की तुरंत मरम्मत कराई जाए। साथ ही नल-जल योजना को फिर से शुरू कराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि लोगों को बुनियादी जरूरत के लिए इतनी परेशानी न उठानी पड़े। गांव के सरपंच अजय साहू ने बताया कि गांव का जल स्तर काफी नीचे चला गया है, जिसके चलते बोरिंग की मरम्मत करने के बावजूद भी समस्या बनी हुई है। कई बार सुधार कार्य के बाद भी पानी नहीं आ पा रहा है। अब केवल बरसात ही एकमात्र समाधान है। जैसे ही वर्षा होगी, जल स्तर ऊपर आएगा और स्थिति सामान्य हो सकेगी।

## गौ माता भंडारा सेवा बना जन-आंदोलन

**राहौद।** व्यापारी सेवा समिति, राहौद द्वारा आयोजित गौ माता भंडारा सेवा कार्यक्रम ने गौ सेवा को समाज में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

देवरघटाधाम से आए जगतगुरुदेव गोपालदास ने गौ माता को भोजन अर्पित कर इस आयोजन को दिव्यता प्रदान की। इस आयोजन से प्रेरित होकर मुंगेली से आए राजेन्द्र वैष्णव व कन्हैया वैष्णव ने आम व केला का भोग अर्पित किया। हजारों श्रद्धालुओं और राहौद नगर के नागरिकों ने गौ माता को भोजन अर्पित कर इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाई।

समिति ने संकल्प लिया है कि नगर की सड़कों पर घूमने वाली कोई भी गौ माता भूखी न रहे। इसके तहत हर बुधवार और शनिवार को गौ माता के लिए भंडारा प्रसाद अर्पित किया जाता है।

## 54 लाख के राशन की हेराफेरी, 3 पर केस

**रायगढ़।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन दुकान संचालित करने वाले समूह के अध्यक्ष, सचिव व विक्रेता द्वारा लाभार्थियों को मिलने वाला चावल, चना, शक्कर आदि का वितरण न करके करीब 54 लाख रुपए के राशन के सामान की हेराफेरी कर दी। संबंधितों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया, लेकिन न तो जवाब दिया गया और न ही गबन किए गए राशन की राशि ही जमा कराई। खाद्य निरीक्षक द्वारा तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

मामला कापू थाना क्षेत्र का है। इस थाना क्षेत्र के तीन गांवों रूवाफूल, चाल्हा और कमोसिनडांड में सरकारी राशन दुकानों का संचालन निश्चय नया सेवरा स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा था। इन गांवों के पीडीएस दुकानों में 15 सितंबर 2022 से 31 जुलाई 2024 तक इन दुकानों में बड़ी मात्रा में राशन सामग्री की हेराफेरी की गई। इन दुकानों में संचालकों द्वारा लाभार्थियों से मशीन पर उनका फिंगर प्रिंट लिया जाता था, लेकिन उन्हें राशन नहीं दिया जाता था। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिमाह यहां राशन का भंडारण अतिरिक्त होता था यानी बैकलॉग में राशन होने का ही फायदा संचालकों द्वारा उठाया जा रहा था, हर माह राशन का गबन करते जा रहे थे।इसकी शिकायत हुई तो पहले एसडीएम द्वारा जांच कराई गई। इसमें शोकॉज नोटिस भी दिया गया, जिसका जवाब संचालकों ने दिया लेकिन वे साक्ष्य नहीं दे सके। इसके बाद खाद्य विभाग द्वारा खाद्य निरीक्षक सुधारानी चौहान द्वारा जांच कराई गई। जांच में इन राशन दुकानों में अनियमितता प्रमाणित हुई।

जांच में गड़बड़ी की पुष्टि सरकारी राशन दुकानों में राशन की अनियमितता पाए जाने पर जांच कराई गई। एसडीएम द्वारा भी जांच के लिए नोटिस दी गई थी, खाद्य विभाग की जांच में बड़ी मात्रा में राशन की अनियमितता पाई गई है। गबन किए गए राशन की राशि लगभग 54 लाख से अधिक है। संचालन करने वाले समूह के अध्यक्ष, सचिव व विक्रेता के खिलाफ अपराध दर्ज कराया गया है।

-खुमेश्वर सिंह, जिला खाद्य अधिकारी

## अब जाकर मरम्मत के लिए शासन से जारी हुई राशि, देरी से शुरू हो पाएगा मरम्मत का कार्य

**जांजगीर-चांपा।** नए शिक्षा सत्र को शुरू होने में अब महज चार दिन शेष है। इधर 100 से ज्यादा स्कूल भवनों की हालात खस्ताहाल हो चुकी देत आवश्यकता है लेकिन गर्मी की पूरी छुट्टी निकल गई, इन शाला भवनों का मरम्मत नहीं हो सका। इधर बताया जा रहा है कि अब जाकर मरम्मत के लिए शिक्षा विभाग को राशि शासन से जारी हुई है लेकिन अब चार दिनों में मरम्मत का कार्य होने से तो रहा। कुल मिलाकर फिर से नए शिक्षा सत्र की शुरूआत जर्जर शालाओं से ही होगी। उल्लेखनीय है कि जिले में करीब 100 से ज्यादा स्कूल भवनों की हालात खराब है। बीईओ स्तर से मरम्मत योग्य लायक स्कूल भवनों की जानकारी मंगाई गई थी। इनमें सौ से ज्यादा स्कूलों में मरम्मत की आवश्यकता की बात सामने आई थी। इसमें हाई व हायर

**बच्चों की जान रहेगी आफत में**

शिक्षा सत्र की शुरुआत बारिश के दौरान होगी। 16 जून से स्कूलों में चहल पहल शुरू हो जाएगी। शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। लेकिन जिन स्कूल भवनों की हालात ठीक नहीं है वहां फिर से इस बार बच्चों की जान आफत में छज्जा घटनाएं रहेगी। बारिश के दौरान छत टकराने आता गिरने समेत कई तरह की जिसमें छात्र-छात्राएं घायल भी हो चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद समय पर मरम्मत का कार्य इस साल भी नहीं हो सका। यही राशि अब अब समय में मिल जाती तो शायद आधे से ज्यादा स्कूल भवनों की मरम्मत हो चुकी होती।

सेकंडरी से लेकर मिडिल और प्रायमरी स्कूल भवन शामिल हैं। इस आधार पर शासन को प्रपोजल बनाकर एक-डेढ़ माह पूर्व भेजा गया था लेकिन मंजूरी अभी हाल में ही

मिली है। जिला शिक्षा विभाग को करीब 95 लाख रुपए की राशि शाला भवनों की मरम्मत के लिए जारी हुई है। लेकिन नया सत्र शुरू होने से अब महज चंद दिन ही शेष है। जाहिर है।कि चार दिनों में मरम्मत कार्य होना तो दूर कागजी प्रक्रिया में ही एक माह का समय लग जाएगा। कुल मिलाकर जर्जर शाला भवनों के बीच ही नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ होगा।

**80 से 1.20 लाख रुपए तक कर सकेंगे खर्च**

शाला भवनों के मरम्मत के लिए हाई/हायर और मिडिल और प्रायमरी स्कूलवाइस राशि जारी हुई है। इनमें प्रायमरी शाला भवनों के लिए 60 लाख रुपए, मिडिल के लिए 46 लाख रुपए और हाई व हायर सेकेंडरी के लिए 18 लाख रुपए जारी हुए है।

मरम्मत कार्य कराने के लिए प्रायमरी और मिडिल स्तर पर अधिकतम 80 हजार रुपए और हाई और हायर सेकेंडरी के लिए 1.20 लाख रुपए ही खर्च करने का प्रावधान रखा गया है। यानी इतनी राशि के अंदर ही भवनों की मरम्मत कार्य कराना होगा।

जल्द से जल्द स्कूल भवनों की मरम्मत कार्य कराने प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। जहां भवन जर्जर हो चुके हैं वहां कक्षाएं नहीं लगाने सभी को निर्देशित किया जा चुका है। नए शिक्षा सत्र को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

अश्वनी भारद्वाज, डीईओ

## जिले में बाल श्रम नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 30 जून तक विशेष अभियान प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में बाल श्रम नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृत्ति, मादक द्रव्यों के शिकार बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यु एवं पुर्नवास हेतु अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस के अवसर पर जिले में 12 जून से 30 जून 2025 तक विशेष अभियान आयोजन किया जा रहा है। बाल श्रम उन्मुलन किए जाने तथा सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थितियो में रहने वाले बालको हेतु पुर्नवास नीति ''बाल सक्षम'' जारी की गई है। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस के अवसर पर सामूहिक रूप से बाल श्रम के प्रतिषेध की शपथ ली गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि पुर्नवास नीति अनुसार सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बालक जैसे- ऐसे बच्चे जो बिना किसी सहारे के सड़को पर अकेले रहते है, ऐसे बच्चे, जो दिन में सड़को पर रहते और रात में निकट की झुग्गी, झोपड़ी बस्तियो में रहने वाले अपने परिवार के पास घर वापस आ जाते है, तथा अपने परिवार के साथ सड़को पर रहने वाले बच्चे अपनी उत्तरजीविता, भोजन, पानी, वस्त्र, आश्रय एवं संरक्षण हेतु प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के संघर्षो एवं चुनौतियो का सामना करते हैं।

इन बच्चों के चिन्हांकन, संरक्षण, पुर्नवास एवं बाल श्रम की रोकथाम हेतु जिला स्तर पर ज्वांट एक्शन प्लान तैयार कर जिला स्तरीय रेस्क्यू दल के द्वारा कार्यवाही किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस अभियान के अवसर पर संयुक्त टीम द्वारा आज अकलतरा, पामगढ़, चांपा में रेस्क्यु अभियान चलाया गया।

## बाल देखरेख संस्था में निवासरत बालक को मिला परिवार

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन जिले में संचालित बाल देखरेख संस्था हेल्प एण्ड हेल्पस समिति बाल गृह बालक जांजगीर में निवासरत बालक को पालन-पोषण देखरेख परिवार को नियमानुसार संरक्षण हेतु अस्थायी आदेश पर सुपुर्द किया गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि परिवार द्वारा पालन-पोषण हेतु बाल कल्याण समिति रायपुर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रायपुर को आवेदन किया गया था। रायपुर की बाल कल्याण समिति द्वारा आवेदक का आवेदन जिले में स्थानांतरित किया गया। परिवार के समस्त दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। जहां सभी दस्तावेज सही पाये जाने पर बालक व परिवार का मैचिंग प्रक्रिया कराया गया। जहां बच्चों द्वारा परिवार के साथ रहने की इच्छा जाहिर किया गया एवं परिवार भी बालक को अपने साथ पालन-पोषण देखरेख हेतु ले जाने की सहमति पर 09 वर्षों से संस्था में संरक्षण प्राप्त बालक जिसकी उम्र 15 वर्ष 10 माह को पालन-पोषण परिवार को संरक्षण हेतु सहमति पर बाल कल्याण समिति द्वारा अस्थायी आदेश जारी किया गया।

उक्त कार्यवाही में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल, अध्यक्ष गणेश प्रसाद शर्मा, तपोधन सिंह सिसोदिया, देव प्रसाद बर्मन, श्रीमती अनुराधा शुक्ला, श्रीमती आरती यादव सदस्य बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल, प्रभारी संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख ज्योति मिश्रा, परामर्शदाता प्रजेश कुमार शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती संतोषी वैष्णव, सहायक सह डाटा एन्ट्री आपरेटर श्री खगेश कुमार पटेल, आउटरिच वर्करशिवनंदन सिंह मरकाम, परामर्शदाता हेल्प एण्ड हेल्पस समिति बाल गृह बालक जांजगीर दिलेश्वर सूर्यवंशी का विशेष सहयोग रहा।

## कलेक्टर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने अकलतरा विकासखंड अंतर्गत स्व. कुंवर भुवन भास्कर सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर का निरीक्षण के दौरान पाया कि जगह-जगह पर कचरा फैला हुआ है और नालियां जाम हो चुकी है। कलेक्टर ने अस्पताल में ड्रेनेज नाली के बंद होने एवं फैली गंदगी पर नाराजगी जताते हुए सीएमओ को दो दिन के भीतर मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लेबर रूम में सीपेज की समस्या को लेकर उन्होंने एसडीएम को नगर पालिका अधिकारी से समन्वय कर शीघ्र मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, बच्चों की स्थिति और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र एवं एसडीएम-तहसील कार्यालय अकलतरा का भी निरीक्षण किया।



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने निर्माणाधीन अस्पताल भवन एवं ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी होने की जानकारी एवं चिकित्सकीय सुविधाओं के उपकरण, जरूरत की वस्तुओं की जानकारी की कार्ययोजना बनाकर विभागीय बैठक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने लैब में शासन द्वारा निर्धारित सभी टेस्ट प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नेत्र विभाग, पुरुष एवं महिला चिकित्सा कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, पुरुष वार्ड, ड्रेसिंग रूम, दंत चिकित्सा कक्ष, एक्स-रे कक्ष, पैथोलॉजी लैब, आयुष्मान कक्ष एवं दवा वितरण काउंटर का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने महिला वार्ड में भर्ती महिलाओं से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और नवजात शिशुओं के नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर श्री महोबे ने पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती शिशु की माताओं से बातचीत कर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को मातृ एवं शिशु पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

**कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण**

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने तहसील कार्यालयों का निरीक्षण कर नामांतरण, बंटवारा एवं त्रुटि सुधार से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने इन प्रकरणों का समयसीमा में त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कुछ लंबित प्रकरणों का स्वयं अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित एवं साफ-सुथरा बनाए रखने, राजस्व अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा कोई भी मामला अपंजीकृत न रहने के निर्देश तहसीलदार शशिभूषण सोनी, अतिरिक्त तहसीलदार शालिनी तिवारी, नायब तहसीलदार को दिए। इसके साथ ही उन्होंने शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने और भूमि को संरक्षित रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कहा कि रिकॉर्ड का समुचित रख-रखाव व संधारण करने के साथ ही तहसील कार्यालय की माल जमादार, कानूनगो, नकल शाखाओं में जाकर रिकॉर्ड का अवलोकन किया। उन्होंने रीडर, भू अभिलेख, खाद्य शाखा, स्थापना, नाजिर शाखाओं के रिकॉर्ड का बारीकी से अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कार्यालय अकलतरा में प्रत्येक सप्ताह को आयोजित होने वाले राजस्व समाधान शिविर में उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान अकलतरा एसडीएम विक्रांत अंचल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।


**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार जांजगीर, जिला जांजगीर चांपा (छग)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक-०/ तह/वा/ जन्म-मृत्यु 2024
जांजगीर, दिनांक--/--/2024-25

मृत्यु प्रमाण पत्र रा.प्र.क्र......-/ब-121/202/21
ग्राम-बिरगहनी

एतद द्वारा आम जनता ग्राम बिरगहनी को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वर प्रसाद पिता रामकुमार साकिन ग्राम बिरगहनी तहसील-जांजगीर जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.न. ग्राम बिरगहनी में अपने/ अपनी दूधमत के मृत्यु दिनांक 12/2/2008 को होने से मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 17/06/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात दावा/आपत्ति पर विचार न करते हुए आवेदक के पक्ष में मृत्यु पंजीयन की कार्यवाही कर दी जाएगी ।

आज दिनांक 2/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जांजगीर (छग)


## एसी हटाने पर विधायक और पड़ोसी भिड़े, मामला दर्ज

**जांजगीर-चांपा।**जांजगीर-चांपा के जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू पर पड़ोसी से मारपीट और धमकी देने का केस दर्ज हुआ है। चांपा थाने में विधायक के खिलाफ उनके पड़ोसी ने शिकायत की है कि, उन्हें गोली मारने की धमकी दी गई है।८ष्ट की आउटडोर यूनिट हटाने को लेकर ये विवाद हुआ है। हालांकि विधायक ने भी पड़ोसी के खिलाफ काउंटर केस कराया है।

मामला चांपा थाना का है। पड़ोसी चंद्रशेखर राठौर ने आरोप लगाया है कि विधायक ने अपने घर के एसी का आउटडोर यूनिट और चिमनी का धुआं उनके जमीन पर लगा दिया था। विधायक से इसे हटाने के लिए पहले भी कहा गया था। विधायक ने दी जान से मारने की धमकी 10-15 दिन बीत जाने के बाद जब फिर से एसी के आउटडोर यूनिट को हटाने के लिए कहा, तो विधायक ने मना कर दिया। इसी दौरान जब युवक के जीजा ने भी विधायक से एसी के आउटडोर यूनिट



को हटाने के लिए कहा तो वो अपने गनमैन के साथ पोर्च में घुस गया।आरोप है कि, विधायक बालेश्वर साहू ने जान से मारने की धमकी दी। विधायक ने कहा, गेट से बाहर निकलकर दिखा, तुझे गोली मरवा दूंगा। जीजा जब घटना मोबाइल से? रिकॉर्ड कर रहे थे, तभी विधायक ने उन्हें तीन-चार थप्पड़ मारा और मोबाइल छीन लिया। इसके बाद विधायक के खिलाफ थाने में शिकायत की गई।

**पड़ोसी ने जताई गैरहाजिरी में परिवार के साथ अनहोनी की आशंका**

चंद्रशेखर का आरोप है कि विधायक उनके परिवार को यहां से चले जाने के लिए दबाव बना रहे हैं। चंद्रशेखर ने इस बात का डर जताया है कि उनकी गैरहाजिरी में उनके परिवार के साथ कभी अनहोनी हो सकती है।चंद्रशेखर की शिकायत पर पुलिस ने 11 जून को विधायक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 329(4), 296, 351(2), और 115(2) के तहत मामला दर्ज किया।

**विधायक ने लगाया पड़ोसी पर बदसलूकी का आरोप**

इधर, इस विवाद के बाद विधायक बालेश्वर साहू ने भी अपने पड़ोसी पर बदसलूकी का आरोप लगाया है। उन्होंने भी अपने पड़ोसी चंद्रशेखर राठौर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इस शिकायत पर भी एफआईआर दर्ज कर ली है। हालांकि, इस मामले में विधायक बालेश्वर साहू की ओर से कुछ बयान नहीं आया है।

## 25 लाख के गबन में सचिव के बाद सरपंच गिरफ्तार

**अकलतरा।** कोटमीसोनार में 25 लाख रुपए का गबन करने वाली तत्कालीन महिला सरपंच को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। ग्राम कोटमीसोनार में तत्कालीन सरपंच रामीन बाई नेताम द्वारा कूटरचना कर वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 में 15वें वित्त योजना में 25 लाख 13 हजार 528 रुपए का गबन करने पर पुलिस ने थाने में धारा 420, 409, 34 के तहत मामला दर्ज किया था।

मामला दर्ज होने पर गांव की तत्कालीन सरपंच रामीन बाई नेताम फरार होने के साथ पुलिस द्वारा खोजबीन की जा रही थी। पुलिस को जानकारी मिली कि पूर्व सरपंच अपने घर पर आई हुई हैं। पुलिस द्वारा छापा मारकर उन्हें थाना लाया गया। पुलिस थाने में पूछताछ के दौरान अपना जुर्म स्वीकार करने पर पुलिस द्वारा तत्कालीन सरपंच को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी मणिकांत पांडेय ने बताया कि प्रकरण में दो दिन पूर्व ही तत्कालीन पंचायत सचिव ईलाही मोहम्मद कुरैशी को भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा जा चुका है।

## आनंद को श्रद्धांजलि दे निकाला कैंडल मार्च, कार्रवाई की मांग

**चांपा।** पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करने वाले बिलासपुर निवासी आनंद देवांगन को श्रद्धांजलि देने बुधवार शाम चांपा में कैंडल मार्च का आयोजन किया।

शहीद स्मारक से आरंभ हुआ यह कैंडल मार्च नेताजी सुभाष चौक, सदर बाजार, कदम चौक, रानी रोड होते हुए थाना चौक पर समाप्त हुआ। इस आयोजन में देवांगन समाज के बड़ी संख्या में सदस्य और नागरिक शामिल हुए। सभी ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और शांति की प्रार्थना की। आनंद देवांगन ने पारिवारिक तनाव, विशेषकर पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या जैसा गंभीर कदम उठाया।

बताया जा रहा है कि उन्होंने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। कैंडल मार्च के दौरान देवांगन समाज में आक्रोश दिखाई दिया। उन्होंने इस आत्महत्या को एक सुनियोजित मानसिक उत्पीड़न का परिणाम बताया और संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि आनंद को न्याय मिलना चाहिए और जिसने उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया, उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

## अनमोल वचन......

**आप कितने भी बड़े बन जाएं अगर आपके अंदर इंसानियत नहीं है तो सब बेकार है।**

# छात्रों की खुदकुशी

*उच्चतम न्यायालय ने डांटने के बाद छात्र के आत्महत्या करने के मामले में आरोपी को बरी कर दिया। पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है। अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा इस तरह की डांट-फटकार कम-से-कम यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि दूसरे छात्र द्वारा की गई शिकायत पर ध्यान दिया जाए और सुधारात्मक उपाय किए जाएं।*

*आरोपी के अनुसार, यह डांट-फटकार अभिभावक के रूप में थी, ताकि छात्र गलती दोबारा न दोहराए। दोनों के दरम्यान कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, छात्रों की आत्महत्या के मामलों में तेजी आती जा रही है। 2024 में लांच की गई रिपोर्ट, छात्र आत्महत्याएं- भारत में फैली महामारी के अनुसार छात्रों में आत्महत्या के मामलों में 4 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि देखी गई है, जो राष्ट्रीय औसत से दोगुनी है। पिछले दशक में 0-24 वर्ष के छात्रों की खुदकुशी की संख्या बढ़कर साढ़े तेरह हजार तक हो गई है। बीते हफ्ते ही सबसे बड़ी अदालत ने राजस्थान सरकार को कोटा में बढ़ती जा रही छात्रों की आत्महत्याओं पर न सिर्फ फटकार लगाई है बल्कि जांच करने को भी कहा है। नई पौध का जीवन बेशकीमती होता है। बावजूद इसके कि सारी दुनिया में तनाव, अवसाद व चिंता के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जिनकी चपेट में आने से कोई वर्ग बचा नहीं है। छात्रों पर पढ़ाई का अत्यधिक बोझ तो है ही। उन पर शिक्षास्थल के वातावरण, प्रतिस्पर्धा, रिहायश, खान-पान का भी काफी दबाव बढ़ता जा रहा है। कई मर्तबा वे अपने गृहनगर व परिवार से दूरियों से भी जूझ रहे होते हैं। जरूरी नहीं कि हर मामले में शिक्षक या संबंधित शख्स की मंशा स्पष्ट हो। बेशक यह साक्ष्यों पर निर्भर करता है, परंतु किशोरावस्था में स्वाभिमान पर लगने वाली ठेस भी कभी-कभी जानलेवा हो सकती है। जरूरी है कि किशोरवय में उचित काउंसलिंग और मनोविश्लेषकों की मदद की सुविधा अनिवार्य की जाए। बच्चों को नियम-कायदों में रहना चाहिए मगर प्रबंधन व शिक्षकों को भी उनके बेशकीमती जीवन व स्वाभिमान का ख्याल रखना सीखना चाहिए।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन अच्छे पल लेकर आया है। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। आज व्यस्तता से भरी दिनचर्या रहेगी, फिर भी आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा लेंगे। आज घर में खास मेहमानों के आने से खुशी भरा माहौल रहेगा। अगर आप किसी उद्देश्य से यात्रा का प्लान कर रहे हैं, तो वह उत्तम रहेगा। आप जितनी मेहनत करेंगे आपको उतने ही बढ़िया नतीजे भी मिलेंगे।

**वृष राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे जिनसे अच्छा ताल मेल बनेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स के व्यापारियों का कारोबार तेजी से आगे बढेगा। आज काम करने के तरीको में बदलाव न करके मौजूदा स्थिति पर ही फोकस करेंगे। आज बिजनेस के कामों में कोई भी फैसला लेते वक्त परिवार वालों की सलाह जरूर लें, आपको उचित समाधान मिलेगा।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन आपके लिए बहुत ही खास होने वाला है। आज नया सीखने की चाहत आपके अनुभव को और अधिक बढ़ाएगी। आज कोई भी समस्या होने पर अनुभवी लोगों का सहयोग मिलने से समस्या दूर होगी। आज राजनीतिक व सामाजिक संपर्क सूत्र आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। इस राशि के लोगों को कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा।

**कर्क राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। दफ्तर में कोई उलझा हुआ मामला आज सुलझ सकता है। आज ऑफिस में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने का बेहतरीन समय है। नौकरी कर रहे व्यक्ति अपने उच्चाधिकारियों के साथ अच्छा व्यव्हार करेंगे और समय पर अपने काम को पूरा करें।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। दाम्पत्य जीवन में चल रही नोक झोंक ख़त्म होगी, जीवनसाथी के साथ रिश्ता मजबूत बनेगा। आज व्यवसाय में भविष्य की कार्य योजनाओं के लिए उचित मंथन करने की जरूरत है। आज व्यवसायिक कामों में सहयोगियों और जीवनसाथी के निर्णय को प्राथमिकता देंगे।

**कन्या राशि-** आपका दिन आपके परिवार वालों के लिए खुशियां लेकर आया है। आज अपनी दिनचर्या को लेकर बनाए गए नियम आपको राहत देंगे तथा कार्य व्यवस्थित रूप से संपन्न होते जाएंगे। आज किसी विशेष पॉलिसी में निवेश निकट भविष्य में फायदेमंद साबित होगा।

**तुला राशि-** आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज जरुरी काम के लिए समय निकालना मुश्किल होगा, लेकिन दोपहर बाद समय मिल जायेगा। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। आजकार्यस्थल पर पेपर वर्क करते समय सावधानी रखने की जरुरत होगी।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन ठीक - ठाक बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा और शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन, बौद्धिक आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज किसी पर भी भरोसा करने से पहले सोच विचार अवश्य कर लें। आज व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी।

**धनु राशि-** आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आपको गतिविधियों को गोपनीय रखना होगा साथ ही आसपास की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। आज दूसरों से मदद की उम्मीद ना रखकर अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास रखें। ध्यान रखें कि आपकी जिद से आपका काम खराब हो सकता है।

**मकर राशि-** आज आपके लिए दिन पाज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी बनी रहेगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी मेहनत करेंगे। आज दिन की शुरुआत में कोई उलझन रह सकती है, लेकिन परिवार की मदद मिलेगी। आज नई योजना पर काम करने से अच्छे नतीजे मिल सकते हैं।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप पर अधिक जिम्मेदारियां रहेंगी जिन्हें आप काफी हद तक पूरा भी कर लेंगे। नए लोगों से जुड़ने से आपको कई बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आजआध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताने से आप अपने अंदर शांति महसूस करेंगे। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे।

**मीन राशि-** आज आपका दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों को व्यवस्थित करने में अभी और कोशिश करनी होंगी। अपने काम की [ ।लिटी को और अधिक बेहतर बनाएंगे। पार्टनरशिप संबंधी व्यवसाय में आपका उचित तालमेल बना रहेगा। इस राशि के लोगों को अपनी जिम्मेदारियों को समझकर काम नियत समय पर पूरा करने की जरूरत है। लवमेट आज घूमने जाने का प्लान बनायेंगे।

# बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया की जटिल पर्यावरण समस्या

//ललित गर्ग //

**प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। बढ़ते तापमान, बदलते जलवायु एवं ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है। इंसानों को प्रकृति, पृथ्वी एवं पर्यावरण के प्रति सचेत करने के लिये विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है, जो पर्यावरण, प्रकृति एवं पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय दिवस है।**



संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोज्य यह दिवस दुनिया भर के लाखों लोगों को हमारे ग्रह की सुरक्षा और पुनर्स्थापना के साझा मिशन के साथ एकजुट करता है। बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया की एक गंभीर एवं जटिल समस्या है, इसीलिये 2025 में इस दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने पर केंद्रित है। कोरिया गणराज्य वैश्विक समारोह की मेज़बानी करेगा। दशकों से प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया के हर कोने में फैल चुका है, यह हमारे पीने के पानी, हमारे खाने, हमारे शरीर, हमारे पर्यावरण में समा रहा है। इस प्लास्टिक कचरे की गंभीर समस्या से निपटने का एक वैश्विक संकल्प निश्चित ही एक समाधान की दिशा बनेगा। हर साल 430 मिलियन टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है, जिसमें से लगभग दो-तिहाई केवल एक बार उपयोग के लिए होता है और जल्दी ही फेंक दिया जाता है।

1973 से संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के नेतृत्व में पर्यावरण जागरूकता के लिए यह दिवस सबसे बड़ा वैश्विक अभियान बन गया है, जो आज की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए 150 से अधिक देशों के विशाल वैश्विक दर्शकों को शामिल करता है। गत वर्ष इस दिवस की मेजबानी करते हुए सऊदी अरब ने भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए सकारात्मक प्रयासों का जश्न मनाया और पर्यावरण के मुद्दों पर काम करने वाले निजी और परोपकारी संगठनों के लिए अधिक समर्थन और वित्त पोषण की घोषणा की। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, तापमान का 50 डिग्री पार करना जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है। इन वर्षों में बढ़ी हुई गर्मी एवं तापमान ने न केवल जीवन को जटिल बनाया बल्कि अनेक लोगों की जान भी गयी। पूरी दुनिया में बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है, संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र को मृत क्षेत्रों में बदल रहा है और मानव जीवन पर तरह-तरह के खतरे पैदा कर रहा है। प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, प्रकृति, पर्यावरण, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए, इसके लिये इस वर्ष की थीम से व्यापक बदलाव की संभावनाएं हैं।

माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए विभिन्न देशों की सरकारों ने ठान लिया है कि सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी। शोधकर्ताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 हजार प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। पिछली सदी में जब प्लास्टिक के विभिन्न रूपों का अविष्कार हुआ, तो उसे विज्ञान और मानव सभ्यता की बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया था, अब जब हम न तो इसका विकल्प तलाश पा रहे हैं और न इसका उपयोग ही रोक पा रहे हैं, तो क्यों न इसे विज्ञान और मानव सभ्यता की सबसे बड़ी असफलता एवं त्रासदी मान लिया जाए। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे ने यहां बारिश के पानी के नमूने जमा किए। ये नमूने सीधे आसमान से गिरे पानी के थे, बारिश की वजह से सड़कों या खेतों में बह रहे पानी के नहीं। जब इस पानी का विश्लेषण हुआ, तो पता चला कि लगभग 90 फीसदी नमूनों में प्लास्टिक के बारीक कण या रेशे थे, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि हम इन्हें आंखों से नहीं देख पाते। लगातार पांव पसार रही माइक्रोप्लास्टिक की तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक के संकट का दूर करने की कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए।

प्लास्टिक प्रदूषण की उससे भी ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा स्थिति है, यह एक ऐसी समस्या बनकर उभर रही है, जिससे निपटना अब भी दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुछ समय पहले एक खबर ऐसी भी आई थी कि एक चिड़ियाघर के दरियाई घोड़े का निधन हुआ, तो उसका पोस्टमार्टम करना पड़ा, जिसमें उसके पेट से भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां मिलीं, जो शायद उसने भोजन के साथ ही निगल ली थीं। कनाडाई वैज्ञानिकों द्वारा माइक्रोप्लास्टिक कणों पर किए गए विश्लेषण में चौंकाने वाले नतीजे मिले हैं। विश्लेषण में पता चला है कि एक वयस्क पुरुष प्रतिवर्ष लगभग 52000 माइक्रोप्लास्टिक कण केवल पानी और भोजन के साथ निगल रहा है। इसमें अगर वायु प्रदूषण को भी मिला दें तो हर साल करीब 1,21,000 माइक्रोप्लास्टिक कण खाने-पानी और सांस के जरिए एक वयस्क पुरुष के शरीर में जा रहे हैं। अमेजन एवं फिलीपकार्ट जैसे आनलाइन व्यवसायी प्रतिदिन 7 हजार किलो प्लास्टिक पैकेजिंग बैग का उपयोग केवल भारत में करते हैं। इन कम्पनियों को भी प्लास्टिकमुक्त दुनिया के घेरे में लेने के लिये कठोर कदम उठाने चाहिए। संकट का एक पहलू यह भी है कि लोग सुविधा को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन प्लास्टिक के दूरगामी घातक प्रभावों को लेकर आंख मूंद लेते हैं।

# बरसात की ऐसी झड़ी लगी, जैसे सावन हो

//पंकज चतुर्वेदी//

**कहते हैं जब जेठ तपता है तो आषाढ़ बरसता है और सावन-भादों में झड़ी लगती है। इस साल जब नौतपा में भारत वर्ष को खूब गरम होना था, बरसात की ऐसी झड़ी लगी, जैसे सावन हो। मौसम वैज्ञानिक विचार करते रहे कि यह मानसून-पूर्व बरसात है, लेकिन चुपके से कर्नाटक, महाराष्ट्र और केरल में मानसून की बदलियां जल्दी ही धमक गई। हमारे देश का अर्थ-तंत्र और सामाजिक तानाबाना मानसून पर निर्भर है। इस तरह जल्दी बरसात ने भले ही ताप के प्रभाव को कम कर दिया हो, लेकिन यदि जलवायु परिवर्तन के कारण इस तरह मानसून अनियमित होता रहा तो देश के समीकरण गड़बड़ा जाएंगे।**

इस साल केरल में मानसून 24 मई, 2025 को आ गया, जबकि सामान्य आगमन तिथि 1 जून है उससे 8 दिन पहले। मुंबई और कर्नाटक में भी मानसून समय से काफी पहले आ गया है। मुंबई में मानसून की सामान्य आगमन तिथि 11 जून है, जबकि आ गया 26 मई को। कर्नाटक में 1-5 जून की सामान्य तिथि की तुलना में बादलों का डेरा 26 मई को आ गया। जलवायु परिवर्तन का गहरा असर भारत में अब दिखने लगा है, इसके साथ ही ठंड के दिनों में 'अलनीनो' और दीगर मौसम में 'ला नीना' का असर हमारे मानसून-तंत्र को प्रभावित कर रहा है। इस साल बहुत पहले और भयंकर बरसात का प्रमुख कारण समुद्री सतह के तापमान स्स्ज्ञ) में वृद्धि माना जा रहा है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री सतह का तापमान सामान्य से अधिक हो जाने से मानसून जल्दी शुरू हो सकता है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण महासागरों का तापमान बढ़ रहा है, जिससे वायुमंडल में नमी बढ़ती है और बादल जल्दी बनते हैं। जैसे-जैसे पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ता है, वातावरण में नमी की मात्रा भी बढ़ती है। अनुमान है कि प्रति डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने पर वातावरण में 6 से 8त्न नमी बढ़ जाती है। यह बढ़ी हुई नमी मानसून की हवाओं को तेजी से सक्रिय कर सकती है। वैंकि तापमान बढ़ने के चलते यूरेशिया और हिमालय में बर्फ का कम होना और तेजी से पिघलने ने भी जल्दी बरसात को बुलाया दिया है। बर्फ की कमी से जमीन जल्दी गर्म हो जाती है, जिससे कम दबाव का क्षेत्र मजबूत होता है, जो मानसूनी हवाओं को अपनी ओर खींचता है और मानसून को जल्दी ला सकता है। जल्दी मानसून के कुछ वैंकि कारक भी हैं। अल नीनो की तरह इनमें से एक मैडेन-जूलियन ऑसिलेशन हिन्द महासागर में बादलों और बारिश को प्रभावित करने वाली एक वैंकि मौसमी घटना है। इसके अनुकूल चरण (चरण-3 और चरण-4 की शुरु आती गतिविधि) मानसूनी हवाओं के लिए अनुकूल परिस्थितियां बना सकते हैं और मानसून को जल्दी ला सकते हैं। एक अन्य कारण वैंकि कारक सोमाली जेट है। मॉरीशस और मेडागास्कर के पास से निकलने वाली एक प्रमुख निम्न-स्तरीय पवन धारा-मई 2025 में तीव्र हो गई। यह जेट अरब सागर के पार केरल, कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र सहित भारत के पश्चिमी तट पर नमी से भरी हवा पहुंचाता है। इस साल इसकी असामान्य ताकत मानवजनित प्रभावों के कारण प्रतीत होती है। इंडियन ओशन डायपोल का पॉजिटिव होना भी एक बड़ा कारण है। यह अरब सागर में नमी के जमाव को बढ़ाता है, जिससे मानसूनी हवाएं तेज होती हैं और मानसून के जल्दी आने का कारण भी बन सकता है। अब जल्दी बरसात आने से माहनगरों की तैयारी अधूरी रही और चेन्नई, मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली जैसे शहर डूब गए, लेकिन सबसे बड़ा संकट तो किसान का है। किसानी आज भी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसानों को अक्सर मानसून के एक निश्चित समय पर आने की उम्मीद होती है। यदि यह जल्दी आ जाता है, तो वे खेत तैयार करने, बुवाई करने या सही फसल का चुनाव करने के लिए तैयार नहीं हो सकते हैं।

यदि बुवाई के बाद अचानक भारी बारिश होती है, तो कोमल पौधे (अंकुरित फसल) नष्ट हो सकते हैं या मिट्टी की ऊपरी परत कठोर हो सकती है, जिससे पौधों के बढ़ने में बाधा आती है। अगर कोई फसल पहले से ही पक चुकी है या कटाई के करीब है और मानसून जल्दी आ जाता है, तो भारी बारिश से फसलें खराब हो सकती हैं, उनमें फंगस लग सकता है या वे खेत में ही सड़ सकती हैं। कुछ फसल को एक निश्चित शुष्क अवधि की आवश्यकता होती है, और जल्दी मानसून से उनका सामान्य फसल चक्र बाधित हो सकता है।

महाराष्ट्र के विभिन्न इलाकों में पिछले कुछ दिनों से जारी बारिश ने बड़े पैमाने पर फसलों को प्रभावित किया है। राज्य में समय से पहले मानसून के सक्रिय होने से किसानों की चिंताएं और बढ़ गई है। आम, अनार, नींबू जैसी बागवानी फसलों के साथ साथ बाजरा, मक्का की फसल भी प्रभावित हुई है। बारिश की सबसे ज्यादा मार प्याज किसानों पर पड़ी है। इसके अलावा सोयाबीन और उड़द एवं मूंग जैसी फसलों के प्रभावित होने की भी आशंका जताई जा रही है। मई महीने में हो रही बारिश के कारण 29,483 हेक्टेयर फसल, खासतौर पर आम, अनार, संतरा, मीठा नींबू और सब्जियों जैसी बागवानी फसल को नुकसान पहुंचा है। नासिक में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। भारी बारिश के कारण बागवानी के आलावा बाजरा, मक्का, जैसी फसल को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों को इस बारिश ने परेशान कर दिया है, खासकर मराठवाड़ा और विदर्भ के ऐसे किसान जो आगामी खरीफ सीजन के लिए अपने खेतों को तैयार करने में जुटे थे। किसानों के मुताबिक सोयाबीन के लिए जुताई और कतार बनाने के मामले में खेत की तैयारी अभी पूरी नहीं हुई है। बारिश ने काम रोक दिया है। बुवाई का काम खेत में पर्याप्त नमी होने के बाद भी शुरू होता है। मूंग और उड़द जैसी फसलों के लिए बुवाई का समय कम होता है, जबकि कपास और सोयाबीन जैसी फसल के लिए यह समय लंबा होता है। किसानों को चिंता है कि कहीं यह बारिश बुवाई के दौरान मुश्किल न बन जाए। सामान्य मानसून से किसी भी प्रकार का विचलन, चाहे वह जल्दी हो या देर से, दूरगामी परिणाम पैदा कर सकता है, जिसका असर कृषि, ग्रामीण आजीविका, समग्र अर्थव्यवस्था और यहां तक कि सामाजिक स्थिरता पर भी पड़ सकता है। जल्दी मानसून का आना मौसम के पैटर्न में एक व्यवधान का संकेत हो सकता है, जो कृषि से लेकर सार्वजनिक स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे तक कई क्षेत्रों में अनपेक्षित और नकारात्मक परिणाम पैदा कर सकता है।

## तस्वीरों की दुनिया



अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट एआई171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मलबे से उठता धुआं।



नई दिल्ली में शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन के पास एक यात्री ट्रेन के पटरी से उतरे डिब्बे का दृश्य।



अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल पर एक इमारत में एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई171 का मलबा देखा गया।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में एनसीसी एवरेस्ट अभियान दल के साथ बातचीत की।



भारतीय वायुसेना के एमआई17वी5 हेलीकॉप्टर ने कोच्चि तट के पास सिंगापुर जाने वाले जहाज एमवी वान हाई 503 में लगी आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन अभियान चलाया।



कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी के खिलाफ पटना के आयकर सर्किल पर नौकरी दो या सता छोड़ो मार्च निकाला।



श्रीलंकाई सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल लासांथा रोड्रिगो ने नई दिल्ली में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह से मुलाकात की।

# क्या कॉन्फिगरेशन एरर से गई 241 लोगों की जान ?

## अहमदाबाद विमान हादसे के पीछे हो सकती है ये बड़ी वजह

**अहमदाबाद, 13 जून [एजेंसी]।**



बीते दिन अहमदाबाद में हुए विमान हादसे ने पूरे देश को दहला कर रख दिया। इस हादसे में 241 लोगों की जान चली गई। हादसे की सटीक वजह अभी तक पता नहीं चल सकी है। शुरुआत में विमान का इंजन फेल होने का बड़ा कारण माना जा रहा था। हालांकि अब कयास लगाए जा रहे हैं कि कॉन्फिगरेशन एरर की वजह से यह दर्दनाक हादसा देखने को मिला है।1 2 जून की दोपहर लगभग 1.38 बजे अहमदाबाद एअरपोर्ट से उड़ान भरने के 5-9 मिनट बाद ही एअर इंडिया का विमान हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे के बाद कॉन्फिगरेशन एरर पर भी सवाल उठने लगे हैं। उड़ान भरते ही आग का गोला बना एअर इंडिया का विमान, चालक दल समेत 261 की मौतदरअसल विमान उड़ाते समय किसी भी पायलट के लिए टेकऑफ सबसे मुश्किल काम होता है। टेकऑफ के दौरान एक छोटी सी तकनीकी या ऑपरेशन से जुड़ी कोई भी गलती कॉन्फिगरेशन एरर कहलाती है। अहमदाबाद विमान हादसे के पीछे कॉन्फिगरेशन एरर को बड़ी वजह माना जा रहा है। टेकऑफ के दौरान प्लेन के फ्लैप्स, थ्रस्ट, रोटेशन (तय समय पर टेकऑफ) और लैंडिंग गियर उठाने जैसी चीजों को मैनेज करना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में अगर पायलट प्लैप्स की सेटिंग गलत कर दे, कम थ्रस्ट और समय से पहले टेकऑफ (रोटेशन) या लैंडिंग गियर न उठाने जैसी गलतियां कॉन्फिगरेशन एरर में गिनी जाती हैं। कॉन्फिगरेशन एरर विमान की उड़ान पर असर डालता है। इससे विमान को उठने और ऊंचाई पकड़ने में परेशानी होती है।

ऐसे में विमान नियंत्रण खो सकता है और दुर्घटना होना स्वाभाविक है। अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुआ एअर इंडिया के विमान टेकऑफ के 5-9 मिनट बाद विमान सिर्फ 825 फीट की ऊंचाई तक ही पहुंच सका था। उस दौरान विमान की रफ्तार 174 नॉट (320 किमी प्रति घंटा थी।

हालांकि बोइंग 787 को टेकऑफ के लिए 200-250 नॉट की रफ्तार चाहिए होती है। क्रैश विमान के वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि प्लेन के लैंडिंग गियर नीचे हैं, जो टेकऑफ के समय ऊपर हो जाने चाहिए थे। GE GEn& इंजन को सबसे भरोसेमंद इंजन माना जाता है। वहीं, एक-साथ विमान में लगे दोनों इंजन फेल होना काफी रेयर है। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि अहमदाबाद विमान हादसे की वजह पायलट की लापरवाही (कॉन्फिगरेशन एरर) वजह हो सकती है।

## मेरी बेटी का फोन अब भी बज रहा है... परिवार को अपनी बच्ची की जिंदा होने की आस, ऐसा ही हाल दीपक की मां का



**नईदिल्ली, 13 जून [एजेंसी]।**

एअर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद के एयरपोर्ट से उड़ान भरते ही दुर्घटना का शिकार हो गया। इस हादसे में अब तक 261 लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। वहीं, कुछ परिवार ऐसे हैं जिनको आस है कि उनका बेटा-बेटी सही सलामत हैं। ऐसा ही हाल मणिपुर की रहने वाली कोंगब्राईलटपम नगनथोई शर्मा के परिवार का है। कोंगब्राईलटपम नगनथोई शर्मा गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान में सवार 12 केबिन क्रु सदस्यों में से एक थी। अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद 242 यात्रियों को लेकर जा रहे एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मणिपुर के 20 वर्षीय फ्लाइट अटेंडेंट की मौत हो गई। पीटीआई से बात करते हुए, केबिन क्रु सदस्य के परिवार ने शर्मा से संपर्क करने की कोशिश करते हुए अपनी आपबीती साझा की। नगनथोई के एक रिश्तेदार के खेंजिता ने पीटीआई को बताया कि खबर मिलने के बाद हमने उन्हें कई बार फोन किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। उनके फोन पर इंटरनेट अभी भी चालू है। हालांकि, हमने उन्हें शाम 6 बजे के आसपास फोन करना बंद कर दिया, क्योंकि हमें डर था कि इससे बैटरी खत्म हो जाएगी। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने एक्स पर उनकी मौत की पुष्टि की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मणिपुर के दो युवा केबिन क्रु सदस्य, कोंगराबैलाटपम नगनथोई शर्मा और लैमनुनथेम सिंगसन, अहमदाबाद में आज एयर इंडिया के विमान हादसे में अपनी जान गंवाने वालों में शामिल थे। दोनों ही जीवन से भरे हुए थे, समर्पण और गर्व के साथ सेवा कर रहे थे। उनका अचानक चले जाना उनके परिवारों, दोस्तों और हम सभी के लिए बहुत बड़ी क्षति है। दुर्घटनाग्रस्त एअर इंडिया के विमान में सवार केबिन क्रु मेंबर दीपक पाठक ने आखिरी बार अपनी मां से बात की थी और कहा था, गुड मार्निंग।

उनकी बहन ने बताया कि दुर्घटना की खबर आने के बाद से उन्हें उनकी हालत के बारे में कुछ भी पता नहीं चला है। परिवार के एक सदस्य ने बताया कि दुर्घटना की खबर सार्वजनिक होने के बाद जब उन्होंने संपर्क करने की कोशिश की तो उनका फोन बज रहा था, हालांकि किसी ने फोन नहीं उठाया।परिवार को लोगों ने कहा कि जब तक यह फोन बजता रहेगा तब तक उम्मीद कायम है। उनकी बहन ने बताया कि मुंबई के पास ठाणे जिले के बदलापुर के निवासी दीपक पाठक 11 साल से एअर इंडिया में केबिन क्रू के सदस्य के रूप में काम कर रहे हैं। दुर्घटना की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। जल्द ही परिवार के सदस्य और दोस्त पाठक के अंबरनाथ-बदलापुर रोड पर रावल काम्प्लेक्स में इकट्ठा हो गए। उनकी बहन ने कहा कि उनकी हालत या ठिकाने के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। उन्होंने सुबह मां को फोन किया और गुड मार्निंग कहा था।मैं और मेरी मां नियमित रूप से उसके बारे में बात करते हैंउन्होंने कहा कि हालांकि हम अक्सर बात नहीं कर पाते थे, लेकिन मैं और मेरी मां नियमित रूप से उसके बारे में बात करते हैं। दीपक पांच भाई-बहनों में से एक हैं और उसकी शादी चार साल पहले हुई थी। उन्होंने कहा कि हम सभी अधिकारियों से पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। तब तक हम उनके बारे में किसी भी रिपोर्ट पर विश्वास नहीं करेंगे।

## सात साल की बच्ची से हैवानियत, ममेरी बहन की बेटी ने चिमटे से दागा, नाजुक अंगों पर किया हमला



**गोरखपुर, 13 जून [एजेंसी]।**

छोटी-सी गलती पर सात साल की बच्ची के साथ ऐसा अमानवीय व्यवहार हुआ कि उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाना पड़ा। यह घटना शहर के शाहपुर थाना क्षेत्र की है, जहां ममेरी बहन के घर आयी बच्ची के साथ उसकी ही ममेरी बहन की 16 वर्षीय बेटी ने चार दिन तक प्रताड़ित किया। मां के पूछने पर एक्सीडेंट में घायल होने की झूठी कहानी सुना दी। गुरुवार को बच्ची की स्थिति गंभीर होने पर उसे ममेरी बहन बीआरडी मेडिकल कालेज ले गई। डाक्टरों ने उपचार शुरू किया तो हैवानियत की बात सामने आयी।बच्ची की मां ने आरोपित के विरुद्ध शाहपुर थाना पुलिस को तहरीर दी है। चिलुआताल क्षेत्र में रहने वाली बच्ची अपनी मां के साथ 15 दिन पहले जगतबेला स्थित ननिहाल आई थी। यहां मामा की बेटी रीना भी आई हुई थी, जो शाहपुर क्षेत्र में किराए पर कमरा लेकर रहती है। तीन जून को रीना, सात साल की मासूम को अपने साथ घर ले चली आयी।घर पहुंचने के तीन दिन बाद, छह जून को बच्ची की तबीयत बिगड़ गई और उसने बिस्तर पर ही मल-मूत्र कर दिया। उसी समय घर पर मौजूद ममेरी बहन की 16 वर्षीय बेटी ने पहले से गर्म किए गए चिमटे से बच्ची के चेहरे, हाथ और पीठ पर कई जगह दाग दिया।रात को जब मां काम से लौटी तो उसे बताया कि एक्सीडेंट में चोट लगा है।अगले ही दिन भी बच्ची ने फिर बिस्तर गीला कर दिया तो आरोपित ने इस बार और क्रूरता दिखाई। उसने मासूम की पिटाई की और उसके नाजुक अंगों पर गंभीर हमला किया।गंभीर हालत में बच्ची को बीआरडी मेडिकल कालेज ले जाया गया। वहां डॉक्टरी जांच में जले और चोट के निशानों को देखकर दुष्कर्म की आशंका जताई गई। बच्ची के होश में आने पर महिला पुलिसकर्मियों ने पूछताछ की, तब जाकर पूरी सच्चाई सामने आई। इसके बाद हरकत में आयी शाहपुर थाना पुलिस ने गहनता से मामले की छानबीन तो सच्चाई सामने आयी। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपित किशोरी पहले भी हिंसक व्यवहार कर चुकी है।स्कूल में अपने ही छोटे भाई पर चाकू से हमला कर दिया था।- ममेरी बहन की बेटी ने बच्ची पर हमला करने के साथ ही चिमटे से दागा था। पूछताछ व जांच में यह बात सामने आयी है।

## एयर इंडिया का विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास पर गिरने से 5 छात्रों की मौत

**अहमदाबाद 13 जून।** गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाला एयर इंडिया का एआई171 विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिससे 5 मेडिकल छात्रों की जान चली गई। विमान ने दोपहर को 1.38 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और कुछ मिनट बाद छात्रावास से टकरा गया। हादसे में 27 छात्र घायल हैं। हादसे के समय छात्रावास में छात्र दोपहर का खाना खाने जुटे थे। मृतकों में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र शामिल हैं।हादसे के बाद सोशल मीडिया पर छात्रावास की कुछ तस्वीरें और वीडियो सामने आई है, जिसमें काफी बर्बादी दिख रही है। मेस में मेज पर खाने की प्लेट और गिलास पड़े दिख रहे हैं।

फाईमा डॉक्टर्स एसोसिएशन ने एक्स पर लिखा कि विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, जिसमें कई छात्र घायल भी हुए हैं। संगठन ने किसी भी प्रकार की मदद के लिए तैयार रहने को कहा है।



## हाईवे पर चलती कार बनी आग का गोला बाल-बाल बची लोगों की जान, मची चीख-पुकार

**लावड़, 13 जून [एजेंसी]।**

दिल्ली-दून हाईवे पर वलीदपुर गांव के पास गुरुवार देर रात चलती कार में भीषण आग लग गई। बमुश्किल कार चालक बैठे अन्य लोग कार से बाहर निकाला। कुछ देर में ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कार को हाईवे से साइड लगाकर पुलिस को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने आकर आग पर काबू पाया।इंस्पेक्टर दौराला सुमन कुमार सिंह ने बताया कि हापुड़ के पिलखुवा निवासी चालक दानिश कार से बहन उज्मा, मुस्कान और उसकी सहेली प्रिया, वेशू निवासी चंडी मंदिर के साथ हरिद्वार से पिलखुवा लौट रहा था। वलीदपुर गांव के पास अचानक कार के इंजन से धुआं उठता दिखाई दिया। उसने कार हाईवे पर साइड में रोक दी। इसी दौरान कार से लपटें उठने लगीं। कार सवार युवतियों में चीख-पुकार मच गई। दानिश ने सभी को कार से बाहर निकाला।

इसके बाद आग ने विकराल रूप धारण कर लिया ओर कार को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी विकराल थी कि उसमें रखा सामान भी बाहर नहीं निकाला जा सका। दिल्ली-दून हाईवे पर लोगों का जमावड़ा लग गया। इससे आवागमन रुक गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को हाईवे से हटाकर यातायात सुचारू कराया। फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने आकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने दानिश से घटना की जानकारी ली। कार पूरी तरह खाक हो गई।

## पेशी से छह दिन पूर्व फरार दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**देवरिया, 13 जून [एजेंसी]।**



छह दिन पूर्व न्यायालय में पेशी से फरार शिवा बांसफोर गुरुवार की देर रात पुलिस मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया गया। वह सदर कोतवाली के हाटा रोड से गिरफ्तार हुआ है। उसके पैर में गोली लगी है।कुशीनगर जनपद के हाटा वार्ड नंबर 21 गांधी नगर का रहने वाला शिवा बांसफोर दुष्कर्म के मामले में आरोपित है। उसे दुष्कर्म व पाक्सो अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मुकदमे के विवेचक और महुआडीह थाने के उपनिरीक्षक प्रीतम भारती ने आरोपित के खून की जांच के लिए न्यायालय में आवेदन दिया था।पांच जून को न्यायालय से लौटते समय सिपाही को धक्का देकर वह फरार हो गया।

मामले में लापरवाही बरतने पर पुलिस लाइन में तैनात दीवान श्रीकृष्ण राम को निलंबित कर दिया गया। साथ ही एसपी ने विभागीय जांच के आदेश दिए।सीओ लाइन इसकी जांच कर रहे हैं। टीमों ने कुशीनगर जनपद में उसके रिश्तेदारों, मित्रों के घर छापेमारी की। कोई हाथ नहीं लगा। पुलिस मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार किया गया। एएसपी अरविंद कुमार वर्मा मौके पर पहुंचे व घटना की जानकारी ली। एसपी विक्रांत वीर ने बताया कि आरोपित को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। गोली उसके पैर में लगी है।

## शब्दों में बयां नहीं कर सकता : अमित शाह

**नईदिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर गृह मंत्री अमित शाह का बयान आया है। उन्होंने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि विमान हादसे को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। शाह हादसे की खबर पाकर अहमदाबाद पहुंच गए हैं। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से हादसे की जानकारी ली है। शाह ने हादसे को लेकर एक्स पर लिखा, अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे से मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। आपदा प्रतिक्रिया बलों को तुरंत दुर्घटनास्थल पर भेज दिया गया है। स्थिति का आकलन करने के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गृह मंत्री हर्ष संघवी और अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त से बात की। शाह ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से भी बात की है।

## रांची में एक्स आर्मी मैन के यहां पुलिस की रेड, बेड से बिस्तर हटाया तो...

### बाप-बेटे की मिलीभगत से चल रहा था धंधा



**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र में जाली नोट के एक बड़े कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 500 मूल्य के 37 जाली नोट बरामद किए हैं।डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया और किशोर की निशानदेही पर कालीनगर थाना नामकुम निवासी सुभाष प्रसाद के घर छापेमारी की।वहां से पुलिस ने बिछावन के नीचे रखे 29 पीस नकली नोट बरामद किए। पुलिस को यह सफलता जमाल नाम के व्यक्ति द्वारा दिए गए एक आवेदन के बाद मिली।जमाल ने पुलिस को बताया कि उसकी सुधा कॉम्प्लेक्स स्थित मोबाइल की दुकान पर एक लड़का आया था, जिसने 3500 रुपया का एक मोबाइल खरीदा और भुगतान में 500 रुपया के सात जाली नोट दिए।जमाल ने जब नोटों को ध्यान से देखा, तो उसे पता चला कि सभी नोट नकली थे और कई नोटों का सीरियल नंबर एक ही सीरीज का था। उसके बाद उसने तुरंत अन्य दुकानदारों को इसकी सूचना दी और किशोर से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान किशोर ने बताया कि उसके पिता सुभाष प्रसाद के पास, कालीनगर थाना नामकुम स्थित उनके घर पर, इसी तरह के और भी जाली नोट रखे हुए हैं। इस जानकारी के आधार पर पुलिस की टीम ने तुरंत सुभाष प्रसाद के कालीनगर स्थित घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान पुलिस को सुभाष प्रसाद के बिस्तर के नीचे से 500 मूल्य के 29 जाली नोट बरामद हुए। इन नोटों में भी कई का सीरियल नंबर एक ही था, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि बरामद नोट नकली थे।पुलिस ने सुभाष प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है और उससे बरामद जाली नोटों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। एसएसपी ने गुरुवार को अपने कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस पूरे मामले का खुलासा किया। पुलिस अब इस जाली नोट के नेटवर्क के अन्य सदस्यों और इसके स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है। वहीं, सुभाष प्रसाद एक्स आर्मी मैन है वह बोरिंग का काम करते है। सुभाष प्रसाद ने पुलिस को बताया कि वह गया जा रहे थे, उसी दौरान ट्रेन में शराब की छापेमारी हो रही थी। सुभाष प्रसाद के पास कुछ व्यक्ति बैठे हुए थे जो छापेमारी के दौरान वह लोग बैग छोड कर भाग निकले।

## तेज भूकंप के झटकों से दहल पाकिस्तान, घरों से बाहर निकले लोग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान गुरुवार को भूकंप के तेज झटकों से दहल गया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के एक बयान में कहा गया है कि भूकंप की तीव्रता 4.6 मापी गई। एनसीएस के अनुसार, भूकंप गुरुवार देर रात 10 किलोमीटर की उथली गहराई पर आया जो काफी अतिसंवेदनशील है।इतनी ऊंचाई का भूकंप आम तौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में अधिक खतरनाक होते हैं। इस बीच, बुधवार को पेशावर के निवासियों को भूकंप ने झकझोर दिया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.7 मापी गई, जियो न्यूज ने भूकंप विज्ञान केंद्र का हवाला देते हुए बताया। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदू कुश पर्वत श्रृंखला में 211 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। झटकों के बाद तत्काल कोई नुकसान या हताहत होने की सूचना नहीं मिली।

## नर्स को बहाने से बुलाया... कमरे में कदम रखते ही बना लिया बंधक, अस्पताल के मालिक ने पार की हैवानियत की हदें

**नूरपुर, 13 जून [एजेंसी]।**



मुरादाबाद मार्ग पर स्थित एक अस्पताल में नर्सिंग कार्य करने वाली युवती के साथ अस्पताल स्वामी ने बंधक बनाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता किसी प्रकार बुधवार की रात थाने पहुंची और आरोपित के खिलाफ तहरीर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पर रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है।क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती कस्बे में मुरादाबाद मार्ग पर स्थित एक अस्पताल में काफी समय से नर्स के रूप में कार्य करती थी। पीड़िता ने बताया कि तीन जून को आरोपित अस्पताल संचालक हाशिम अंसारी ने उसे बहाने से अस्पताल की ऊपरी मंजिल पर बने अपने कमरे में बुलाया। यहां आरोपित ने युवती को बंधक बना लिया और उसके साथ जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।विरोध करने पर आरोपित ने कमरे में बंद कर युवती से मारपीट भी की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए घटना के संबंध में किसी को कुछ बताने पर स्वजन को भी जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान उसने आरोपित अस्पताल संचालक को सबक सिखाने के लिए एक वीडियो भी बना ली।

घटना के 10 दिनों तक युवती आरोपित द्वारा दी गई धमकी के कारण दहशत में रही। इस दौरान उसे अस्पताल जाना भी बंद कर दिया। बुधवार को उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी स्वजन को दी। जिसके बाद बुधवार की देर शाम स्वजन युवती को लेकर थाने पहुंचे और आरोपित के विरूद्ध तहरीर दी।पुलिस ने आरोपित अस्पताल स्वामी हाशिम अंसारी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## बड़ी गिरावट के साथ खुल सकते हैं शेयर बाजार, इजराइल-ईरान की जंग से बढ़ी टेंशन, कच्चे तेल में 7 प्रतिशत की तेजी

**नईदिल्ली, 13 जून [एजेंसी]।**

12 जून को हुई गिरावट के बाद आज फिर शेयर बाजार में मंदी गहरा सकती है। ग्लोबल कमजोर संकेतों के चलते गिफ्ट निफ्टी में 271 प्वाइंट की गिरावट देखने को मिल रही है। दरअसल, इजराइल की ओर से ईरान पर की गई स्ट्राइक के बाद ग्लोबल मार्केट के सेंटिमेंट खराब हुए हैं। इस हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में 7 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, इससे इक्विटी मार्केट पर दबाव बढ़ा है जबकि जियो-पॉलिटिकल तनाव बढ़ने से सोने की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है।देर रात अमेरिकी मार्केट बढ़त के साथ बंद हुए थे लेकिन सुबह डाऊ फ्यूचर्स में डेढ़ फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल रही है। मीडिल ईस्ट में भू-राजनीतिक तनाव गहराने से एशियाई शेयर भी लाल निशान के साथ कारोबार कर रहे है।मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला कि इजरायल ने ईरान पर हमले शुरू कर दिए हैं, लेकिन इसमें अमेरिका की कोई सहायता या भागीदारी नहीं है, जिसके कारण अमेरिकी स्टॉक फ्यूचर्स वायदा में भारी गिरावट आई है। कच्चे तेल में बड़ा उछाल आने से पेंट, टायर, एविएशन और ओएमसी शेयरों में दबाव देखने को मिल सकता है। इससे पहले 12 जून को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अपनी बिकवाली जारी रखी और 3,831 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 9,393 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।



निफ्टी 50 ने 12 जून को लंबी तेजी का सिलसिला तोड़ दिया और बैंक निफ्टी में भी गिरावट हावी रही। अगर निफ्टी 50 24,800 के सपोर्ट लेवल को तोड़ता है, तो सेलिंग प्रेशर 24,670 तक बढ़ सकता है। वहीं, ऊपर की ओर, 25,000-25,200 रेंज इसके लिए एक बड़ा रेजिस्टेंस होगा। बैंक निफ्टी के लिए, 56,000 से नीचे बंद होने से 55,700 पर सपोर्ट है, इसके नीचे जाने पर और गिरावट हो सकती है।

# चोटिया-बैकुंठपुर को राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं बनाने से क्षेत्रीय नागरिकों में नाराजगी

**कोरिया बैकुंठपुर।** चोटिया बैकुंठपुर को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की दिशा में की गई पहल से कोई ठोस निर्णय नहीं निकलने से क्षेत्र के लोगों में नाराजगी नजर आ रही है कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सांसद के द्वारा कोरिया जिले के लिए कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रहा है। जानकारी के अनुसार सांसद के इस प्रयास से लोगो बेहतर परिवहन की दिशा में एक सार्थक प्रयास माना जा रहा था। 15 जनवरी 2025 को कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को एक औपचारिक आवेदन पत्र भेजा। पत्र में सांसद ने कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-130) के अंतर्गत स्थित चोटियां से लेकर बैकुंठपुर (कोरिया



जिला) जो वर्तमान में NH-43 से जुड़ता है, लगभग 75 किलोमीटर लंबे मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की अपील की है।

सांसद ने पत्र में उजागर किया कि कोरबा एवं बैकुंठपुर दोनों जिले औद्योगिक रूप से समृद्ध हैं और यहाँ आदिवासी बहुल आबादी निवास करती है। विशेष रूप से इस मार्ग पर कई प्रमुख कोयला खदानें—जैसे चोटियां, रानी अटारी, विजयपुर तथा चिरमिरी—संचालित हैं, जिसके कारण भारी वाणिज्यिक एवं यात्री आवागमन होता है।


यह मार्ग स्थानीय जन-जीवन एवं उद्योगों का एकमात्र परिवहन माध्यम होने के कारण अत्यधिक संकुचित व दबावपूर्ण हो गया है। सड़क पर बड़े वाहनों के लगातार आने-जाने के चलते सड़क की खराब स्थिति एवं दुर्घटना की आशंका बनी रहती है । सांसद ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि इस मार्ग के राष्ट्रीय राजमार्ग में सम्मिलित होने से NH-130 और NH-78 के बीच एक मजबूत ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर का निर्माण होगा, जिससे क्षेत्रीय संपर्क सुदृढ़ होगा और औद्योगिक व व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। सड़क की बेहतर गुणवत्ता -राष्ट्रीय राजमार्ग बनने पर केंद्रीय बजट के तहत सड़क की मरम्मत, चौड़ीकरण तथा रख-रखाव नियमित रूप से होगा।

औद्योगिक विकास को बल - कोयला खदानों व माल वाहकों को तेज व सुरक्षित परिवहन की दिशा में एक बेहतर विकल्प हो सकता है इस संबंध में निश्चित तौर पर पूर्व लोकसभा सांसद का पत्र बहुत ही महत्वपूर्ण माना जा सकता है बावजूद इसके केंद्र सरकार के द्वारा आज तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लेने से क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है।

# 154 ग्रामों में धरती आबा अभियान के तहत 15 जून से विशेष शिविर

### मुनादी और दीवार लेखन के ज़रिए जागरूकता बढ़ाने का प्रयास

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से विशेष शिविरों का आयोजन शुरू होगा। जिले के 154 चयनित आदिवासी बहुल ग्रामों में यह शिविर 30 जून 2025 तक आयोजित किए जाएंगे।



जिला कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देश पर इन ग्रामों में दीवार लेखन और कोटवारों के माध्यम से मुनादी कर अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति/निवास प्रमाण पत्र, पेंशन योजनाएं, आयुष्मान भारत कार्ड, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, जनधन खाता, पीएम किसान निधि, मुद्रा लोन, विश्वकर्मा योजना समेत लगभग 17 योजनाओं का सीधा लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जाएगा।

शिविरों में स्वास्थ्य, पंचायत, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास, कृषि, खाद्य, राजस्व विभागों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से डिजिटल सेवाएं जैसे आधार ई-केवाईसी और दस्तावेज सत्यापन भी की जाएंगी। कलेक्टर ने इन 154 ग्रामों के नागरिकों से अपील की है कि वे शिविरों में भाग लें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन को सशक्त बनाएं। यह अभियान आदिवासी समाज को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## बीईओ कार्यालय का शहर कांग्रेस ने किया घेराव शिक्षा न्याय आंदोलन के तहत दर्ज कराया विरोध

**सूरजपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जारी शिक्षा न्याय आंदोलन के अंतर्गत शहर कांग्रेस कमेटी सूरजपुर ने शुक्रवार को स्थानीय विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। यह आंदोलन भाजपा सरकार की शिक्षा नीति और स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के खिलाफ किया गया, जिसे कांग्रेस ने रोजगार और शिक्षा विरोधी करार दिया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष संजय डोसी के नेतृत्व में कांग्रेस, किसान कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई और नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों ने रंगमंच से रैली निकालकर बीईओ कार्यालय तक मार्च किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और शिक्षा व्यवस्था को राजनीतिक लाभ के लिए निशाना बनाए जाने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार राज्य में 10,000 स्कूल बंद करने की योजना बना रही है, जिससे निजी स्कूलों को लाभ मिलेगा और सरकारी स्कूलों की स्थिति और खराब होगी। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर की जा रही कार्रवाई शिक्षा क्षेत्र में असंतुलन पैदा करेगी और शिक्षक-अभ्यर्थियों को प्रभावित करेगी। काफी देर तक बीईओ कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना जारी रहा, जिसके बाद तहसीलदार इजराईल खान और बीआरसी मनोज मंडल के समझाने पर प्रदर्शनकारियों ने धरना समाप्त किया। प्रशासन ने एहतियातन मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया था। कार्यक्रम में किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकृष्ण ओझा, नगरपालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, पूर्व एआईसीसी सदस्य सुनील अग्रवाल, शकील हुसैन, पार्षद पारसनाथ राजवाड़े, प्रवेश गोयल, मंजूलता गोयल, सावित्री शर्मा, परमेश्वर राजवाड़े, शक्ति ठाकुर, सैयद आमिल, कौनेंन अंसारी, अजय सोनवानी, पवन साहू, शान्तु डोसी, राजपाल कसेरा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे। शहर कांग्रेस ने एलान किया कि यह आंदोलन अब चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ेगा और अगला पड़ाव जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय का घेराव होगा।

## आदतन अपराधी के विरूद्ध जारी किया जिला बदर का आदेश

**सूरजपुर।** अवैध कार्यो सहित आदतन अपराधिक गतिविधि में संलिप्त व्यक्ति के विरूद्ध सूरजपुर पुलिस के द्वारा लगातार सख्ती बरती जा रही है। गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के कारण सूरजपुर पुलिस ने 1 आदतन अपराधी के विरूद्ध जिला बदर की अनुशंसा की थी जिस पर कलेक्टर सूरजपुर ने आदतन अपराधी को 6 माह की अवधि के लिए जिलाबदर का आदेश जारी किया है। जिले में शांती एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाये रखने के लिए अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों एवं आदतन आरोपियों पर सतत निगरानी रखी जा रही हैं और अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के अनुशंसा पर कलेक्टर सूरजपुर श्री एस. जयवर्धन ने जिले के आदतन अपराधी सत्येन्द्र कुमार राय उर्फ सत्येन्द्र तिवारी उर्फ मोनू पिता रामप्यारे उम्र 37 वर्ष निवासी नगर पंचायत प्रेमनगर, थाना प्रेमनगर के विरूद्ध जिला बदर का आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5 के तहत दाण्डिक प्रकरण में पारित आदेश के अनुसार आदतन अपराधी सत्येन्द्र कुमार राय उर्फ सत्येन्द्र तिवारी उर्फ मोनू को 10 जून 2025 से जिला सूरजपुर तथा समीपवर्ती राजस्व जिला सरगुजा, कोरबा, कोरिया, बलरामपुर-रामानुजगंज, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छत्तीसगढ), सिंगरौली मध्यप्रदेश जिला क्षेत्र से 6 माह की अवधि के लिए बाहर चले जाने और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्व अनुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करने, आदेश का पालन न करने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। आदतन अपराधी सत्येन्द्र कुमार राय उर्फ सत्येन्द्र तिवारी उर्फ मोनू के विरूद्व कुल 09 प्रकरण जिनमें 3 मारपीट गाली-गलौज, एसटीएससी एक्ट सहित शासकीय कार्य में बाधा, शासकीय सेवा को अभित्रास करना एवं मेडिकल प्रो. एक्ट के तहत, 1 अपराध उद्दीपन सहित एसटीएससी एक्ट एवं 05 बार परिशांति कायम रखने प्रतिबंधक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है।

## द्रोणिका और चक्रिय चक्रवात के कारण होगी 14 से वर्षा

**रायपुर।** मौसम विभाग के अनुसार एक चक्रवात निर्मित होने के कारण मानसून की परिस्थितियां अनुकूल हो गई है। राजधानी सहित अनेक जिलों में आज हल्की वर्षा होने की संभावना है। 14 जून से मानसून का विस्तार होगा। मौसम विभाग के वैज्ञानिक चंद्रा के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए 14 जून से अनुकूल परिस्थितियां बनने की संभावना है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कोई पश्चिमी विक्षोभ का असर नहीं है एक द्रोणिका छग के ऊपर से जाएगी जिसके कारण आज मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी-उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश तट के ऊपर 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व राजस्थान से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ होते हुए पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 58 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। प्रदेश में कल दिनांक 12 जून को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## बीएड-डीएड परीक्षा के मॉडल आंसर पर आपत्ति 17 तक

**रायपुर।** बीएड और डीएलएड प्रवेश परीक्षा के मॉडल आंसर जारी हो गए हैं। इस पर दावा-आपत्ति 17 जून शाम 3 बजे तक की जा सकती है। व्यापंम से यह परीक्षा 22 मई को आयोजित की गई थी। दावा-आपत्ति की प्रक्रिया ऑनलाइन है। इसके लिए प्रति प्रश्न 50 रूपए शुल्क है। व्यापंम के दफ्तर पहुंचकर या डाक के माध्यम की गई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। मॉडल आंसर जारी होने के बाद संभावना है कि इसी माह नतीजे जारी होंगे।

# सीजीपीएससी तैयारी में डूबे सपनों की कहानी पर एनआईटी छात्रों ने बनाई फिल्म

### छत्तीसगढ़ी सिनेमा में नया प्रयोगः सरकारी अफसर वेब सीरीज में छात्रों के संघर्षों को दिखाया

**कोरिया बैकुंठपुर।** बिलासपुर के गांधी चौक की तंग गलियों में सुबह की पहली किरण के साथ एक और दिन जागता है। चाय की भाप के साथ उड़ती किताबों की खुशबू और छात्रों की आंखों में झलकते अधूरे सपने। यही से शुरू होती है कहानी अखिलेश की जो एक किसान का बेटा है, जो अपने पिता की आंखों में छिपे सरकारी अफसर के ख्वाब को पूरा करने गांव से शहर आया है। यह कहानी सीजीपीएससी तैयारी में डूबे सपनों की है। जिसपर एनआईटी रायपुर के पांच छात्रों ने वेब सीरीज बनाई है, जिसे 13 जून को यूट्यूब पर रिलीज किया जाएगा।

सरकारी अफसर मंज़िल नहीं शुरुआत हे में प्रदेश के उन हजारों युवाओं की भावनाओं को स्वर देने का प्रयास किया गया है, जो सीजीपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं। यह वेब सीरीज सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि उन धड़कनों की आवाज है, जो हर साल गांधी चौक की कोचिंग गलियों में गूंजती हैं। यह कहानी, अखिलेश और सुमन जैसे किरदारों के जरिए दर्शाती है कि कैसे सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक संघर्षों के बीच भी सपने मरते नहीं हैं, बल्कि और मजबूत होते हैं। अखिलेश, एक साधारण किसान परिवार से आया लड़का, अपने गांव से चलकर बिलासपुर पहुंचता



है। एक ऐसी जगह जिसे छत्तीसगढ़ का मुखर्जी नगर कहा जाता है। वहीं उसकी मुलाकात होती है प्रीतम और रवि से होती है, जो पहले से ही परीक्षा की तैयारी कर रहे होते हैं। वही उसकी दिशा भी बनते हैं और साथी भी। कोचिंग की दीवारों के बीच अखिलेश की मुलाकात सुमन से होती है। एक अनाथ लड़की जो अपने दत्तक परिवार की उपेक्षा और तानों से जूझते हुए खुद को साबित करना चाहती है। धीरे-धीरे, दोनों के संघर्ष एक दूसरे से जुड़ जाते हैं और उनका रिश्ता भी। ये सिर्फ दो लोगों की प्रेम कहानी नहीं, बल्कि दो इच्छाओं की साझी उड़ान है।

एनआईटी के छात्र दिव्यांश सिंह व उनकी टीम ने इस वेब सीरीज को तैयार किया है। जिसे साईं भरथ ने निर्देशित किया है। कलाकारों में हैं फूफू के नाम से पहचाने जाने वाले अनिल सिन्हा है। साथ ही कांकेर की वैष्णवी जैन, अमन सागर, हर्षवर्धन पटनायक, क्रांति दीक्षित, सुरेश गोंडले और विक्रम राज जैसे चर्चित चेहरे। सरकारी अफसर का हर एपिसोड करीब 20-25 मिनट का है और इसे साप्ताहिक रूप से चैनल पर रिलीज किया जाएगा। पहले एपिसोड का नाम ही है- मंज़िल नहीं, शुरुआत हे।

**गंभीर विषय को लोकभाषा व स्थानीय परिवेश से जोड़ा**

कोरिया जिले के पटना के रहने वाले एनआईटी के छात्र निर्देश शर्मा ने कहा कि यह सीरीज न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों का तनाव और परिश्रम दिखाती है, बल्कि उस सामाजिक ताने-बाने को भी उजागर करती है जिसमें ये छात्र जीते हैं- किराया, कोचिंग की फीस, पारिवारिक दबाव, रिश्तों की उलझन और आत्म-संदेह। सीजीपीएससी जैसे गंभीर विषय को छत्तीसगढ़ी लोकभाषा और स्थानीय परिवेश में गूंथकर वेब सीरीज में प्रस्तुत करने का प्रयास है। यह उन युवाओं की कहानी है, जो हारने से पहले लड़ना सीखते हैं।

## कांग्रेस के नेताओं के प्रवास पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने कई जगह किया स्वागत, संगठन को मजबूत करने की कही बात

**रामानुजगंज।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव विकास उपाध्याय के बिहार में पार्टी के नौकरी दो या सत्ता छोड़ो विरोध प्रदर्शन में सम्मिलित होने के बाद रायपुर जाने के दौरान रामानुजगंज में एनएसयुआई के राष्ट्रीय सचिव एवं नेता प्रतिपक्ष प्रतीक सिंह एवं किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विकास दुबे के नेतृत्व नगर में स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए केंद्र की मोदी सरकार एवं बिहार के नीतीश सरकार पर भी निशाना साधा।

इस अवसर पर श्री उपाध्याय ने कहा कि 12 जून को बिहार राज्य के सभी जिलों में कांग्रेस पार्टी का महारैली आयोजित कर रोजगार कार्यालय में तालाबंदी और घेराव किया गया। बिहार के सभी जिलों के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रभारी नियुक्त किया गया था। मुझे औरंगाबाद जिले का प्रभार दिया गया था। उन्होंने बताया कि नेशनल करियर सर्विस के अनुसार बिहार में 34 लाख से भी अधिक लोगों ने नौकरी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया और इन लोगों को अभी तक नौकरी नहीं मिली ऊपर से बिहार शासन यह कह रही है कि यहा कोई बेरोजगार नहीं है नौकरी के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले लोगों में 73प्रतिशत शिक्षित है तथा पूर्व की तुलना ग्रामीण एरिया में बेरोजगार दर 2.6 प्रतिशत एवं शहरी एरिया में बेरोजगारी दर 7.3त्न बढ़ गई है।

इससे साफ हो गया है कि अभी भी बिहार में लाखों की संख्या में युवा बेरोजगार है और अपने राज्य को छोड़कर दूसरे राज्य में पलायन कर अपनी रोजी-रोटी तलाश रहे है। श्री उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी के हित में निरंतर लड़ाई लड़ते आ रही है और इस बार भी बिहार की युवाओं के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ बृहद स्तर पर आंदोलन कर रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेरोजगारों को लेकर बड़ा बयान दिया था कि इन्हें बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा उन्हें रोजगार प्रदान करेंगे लेकिन वर्तमान स्थिति में कोई बेरोजगारी भत्ता और किसी भी रोजगार नहीं देने की सूचना है।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शैलेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व पार्षद कौशल जयसवाल, विकास गुप्ता,एनएसयुआई जिला अध्यक्ष राहुल बर्मन सनोज दास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

रामानुजगंज से है 25 वर्ष पुराना नाता- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा कि रामानुजगंज से मेरा 25 वर्ष पुराना नाता है प्रदेश अध्यक्ष रहने के दौरान छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर स्थित रामानुजगंज आता रहता था यहां हमारे कई पुराने साथी हैं जो आज भी कांग्रेस पार्टी के मजबूती के लिए कार्य कर रहे हैं उनसे मिलकर मुझे बहुत अच्छा लगता है एवं पुराने यादें भी ताजा हो जाती हैं।

## नाबालिग को भगा ले जाने वाला उडीसा में पकड़ाया

**राजनांदगांव।** जिले के डोंगरगढ़ थानाक्षेत्र से एक नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने उडीसा से गिरफ्तार कर लिया है वहीं नाबालिग बालिका को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाना डोंगरगढ़ में शिकायत दर्ज कराई थी कि 10.05.2025 को ग्राम छोटे कुसमी से नाबालिक बालिका घर में बिना बताये कहीं चली गई है जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा- 137(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण के अपहृता एवं अज्ञात आरोपी के पता तलाश एवं विवेचना हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशिश कुंजाम से दिशा-निर्देश प्राप्त कर तत्काल निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये टीम तैयार कर अपहृता एवं अज्ञात आरोपी के पता तलाश में जुट गये पतासाजी दौरान तकनिकी सहयोग से अपहृत बालिका का पता उड़ीसा ग्राम बन्धागांव जिला कालाहाड़ी में पता चलने पर तत्काल एक टीम तैयार कर परिजन के साथ रवाना किया गया। जहां उडीसा पुलिस के साथ उडीसा ग्राम बन्धागांव जिला कालाहाड़ी में अपहृता का पता तलाश किया गया जहां आरेपी तुलसी दीप पिता अठावन दीप उम्र 24 निवासी ग्राम बन्धागांव जिला कालाहाड़ी उडीसा के कब्जे से बरामद किया गया पिडिता बालिका के कथन में आरोपी द्वारा ग्राम बन्धागांव जिला कालाहाड़ी उडीसा मे शारीरिक संबंध बनया हैं।

## गांजा बिक्री करते एक व्यक्ति गिरफ्तार

**दुर्ग।** दुर्ग थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत अवैध रूप से गांजा बिक्री करने वाले एक आरोपी गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से 01.80 किलोग्राम गांजा एवं बिक्री की नगदी रकम 8400 रुपए जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 11.06.2025 को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि चंडी चौक मठ मंदिर के पास दुर्ग में एक व्यक्ति मादक पदार्थ जैसा गाँजा को बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम एवं एसीसीयु टीम के द्वारा घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया एवं कड़ाई से पूछताछ की गई जो अपना नाम दिनेश सारथी पिता राधेश्याम सारथी उम्र 45 वर्ष पता मठपारा सारथी पारा थाना दुर्ग का निवासी होना बताए जिसके कब्जे से कुल 01.80 किलोग्राम गांजा एवं गाँजा बिक्री की नगदी रकम 8400 रुपए जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। तथा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20(ख), 27(क) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

## अवैश शराब बेचने वाली महिला गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** जिले की चिचोला चौकी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाली महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 18 पाव देशी शराब व बिक्री रकम जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी चिचोला को दिनांक 11.06.2025 को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम मुंगलानी रोड साहू किराना स्टोर के पास लालबहादूर नगर में एक महिला एक प्लास्टिक की थैला में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री कर रही है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक महिला को पकड़ा। जिसके पास से पुलिस ने प्लास्टिक के थैला में रखा 18 पौवा शोले प्लेन देशी शराब व शराब बिक्री रकम 400 रूपये जब्त किया। नाम पता पूछने पर अपना नाम कविता साहू पति नंदकुमार साहू उम्र 26 साल साकिन पाथरी लालबहादूर नगर पुलिस चौकी चिचोला जिला राजनांदगांव का होना बताया। जिसपर आरोपी महिला के खिलाफ धारा- 34(1) आबकारी के तहत अपराध पंजीबद्व कर गिरफ्तार किया गया।

## ट्रेलर व हाईवा की भिड़ंत, एक मौत

**रायगढ़।** जिले के छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत हाटी गांव के पास आज दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रेलर और हाइवा वाहन की आमने-सामने की टक्कर में एक चालक की जलकर मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

# वीर शहीद गिरपुंजे के सर्वोच्च बलिदान पर पुलिस ने पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि





**सूरजपुर।** सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आकाश राव गिरपुंजे द्वारा देश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने पर शहीद के वीरता एवं पराक्रम कों याद करते हुए डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के दिशा निर्देशन में पुलिस लाईन में वीर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने वीर शहीद के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी।

उन्होंने आकाश राव गिरपुंजे के कार्यकाल के बारे में बताया कि वे काफी साहसी थे, दुर्गम इलाको में खुद टीम को लीड कर ले जाते थे और सभी की सुरक्षा का विशेष ध्यान देते थे, ऐसे जांबाज व होनहार पुलिस अधिकारी की शहादत को देश कभी भुला नहीं सकता। देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिए दिया गया उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। वीर शहीद आकाश राव गिरपुंजे को जिले के पुलिस अधिकारी एवं जवानों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर सभी ने वीर शहीद के परम बलिदान एवं पराक्रम कों याद करते हुए पुष्प अर्पित कर सलामी दी, तत्पश्चात सभी पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों द्वारा 02 मिनट का मौन धारण कर वीर शहीद कों श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, निरीक्षक लक्ष्मण सिंह धुर्वे, प्रकाश राठौर सहित पुलिस लाईन के अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

### 34 किलो गांजा तस्करी मामले में फरार चल रहा आरोपी गोपाल गिरफ्तार

**रायपुर।** सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के एक गंभीर मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी गोपाल बंजारे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गोपाल, पूर्व में गिरफ्तार मुख्य आरोपी आकाश कुर्रे का साला है और इस आपराधिक गतिविधि में उसका सक्रिय सहयोगी था। उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल 2025 को सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कृषि उपज मंडी, बलौदाबाजार के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में गांजा लेकर पहुंचा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर आकाश कुर्रे नामक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया था। आरोपी के पास से 34 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया था, जिसकी अनुमानित क़ीमत लाखों में आंकी गई थी। इस मामले में अपराध क्र. 384/2025, धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई थी।

# कहां है सुरक्षा, मेडिकल कॉलेज अस्पताल से मरीजों के भागने के मामले में उठे सवाल

## मंत्री और डीन से सुरक्षा एजेंसी की शिकायत

**कोरबा।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से सवालों के घेरे में आ गई है। यहां सुरक्षा की जिम्मेदारी निजी एजेंसी कामथेन सिक्यूरिटी को सौंपी गई है, जिसके कर्मचारियों पर हर महीने लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद अस्पताल में लापरवाही का आलम यह है कि मरीज इलाज के दौरान ही बिना किसी जानकारी के गायब हो रहे हैं।

मरीजों के अचानक गायब होने की जानकारी उस वक्त मिलती है जब डॉक्टर या अन्य मेडिकल स्टाफ दवा या परीक्षण के लिए पहुंचते हैं और मरीज अपने बेड पर नहीं मिलता। ऐसे मामलों में तत्काल अस्पताल परिसर में तैनात पुलिस को सूचना दी जाती है, लेकिन तब तक अक्सर देर हो चुकी होती है। अस्पताल प्रबंधन और सुरक्षा एजेंसी की इस लापरवाही पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मरीजों की सुरक्षा के साथ इस तरह का खिलवाड़ कहीं न कहीं एजेंसी की



कार्यप्रणाली पर गंभीर संदेह खड़ा करता है।

कामथेन सिक्यूरिटी एजेंसी केवल मरीजों की सुरक्षा में ही नहीं, बल्कि आंतरिक कर्मचारियों के साथ व्यवहार के मामले में भी विवादों में घिरी हुई है। हाल ही में लंबे समय के बाद ड्यूटी पर लौटे एक सुपरवाइजर को लेकर कर्मचारियों में रोष देखने को मिला है। कुछ सुरक्षा कर्मियों ने उस पर अभद्र भाषा और दुर्व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले ने तूल तब पकड़ा जब इसकी शिकायत सीधे श्रम मंत्री और मेडिकल कॉलेज के डीन तक पहुंच गई। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सुपरवाइजर का व्यवहार लगातार अपमानजनक और मानसिक उत्पीड़न करने वाला रहा है, जिससे उनका कार्य करना कठिन हो गया है।

विवाद के चलते अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही प्रभावित हो रही है और अब आंतरिक असंतोष के चलते स्थिति और भी जटिल होती जा रही है। एक ओर जहां सुरक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अस्पताल प्रशासन की चुप्पी भी आश्चर्यजनक है। न तो गायब हो रहे मरीजों को लेकर कोई स्पष्ट कार्य योजना सामने आई है, न ही कर्मचारियों की शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई की गई है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या मरीजों और अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार विभाग गंभीर हैं? या फिर सब कुछ केवल कागजों तक ही सीमित रह गया है?

अब आवश्यकता है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और यदि एजेंसी की लापरवाही साबित होती है तो उसके खिलाफ ठोस कार्यवाही की जाए। साथ ही, यह भी देखा जाना चाहिए कि क्या सुरक्षा एजेंसी के चयन में कोई लापरवाही या पक्षपात तो नहीं हुआ था। यह मामला न केवल सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलता है बल्कि यह भी दर्शाता है कि मरीजों और कर्मचारियों की सुरक्षा, सम्मान और सुविधा को लेकर कितनी लापरवाही बरती जा रही है। प्रशासन और शासन को अब इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है।

## न बोनस मिला न ईपीएफ, ऑपरेटर करेंगे काम ठप

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ बिजली वितरण कंपनी के ठेका कर्मचारियों ने इसी महीने कामकाज ठप करने का ऐलान किया है। उनका आरोप है कि उन्हें बोनस और ईपीएफ देने के मामले में उदासीनता बरती जा रही है।

छत्तीसगढ़ विद्युत ठेका कर्मचारी कल्याण संघ की ओर से कोरबा के अधीक्षण अभियंता वितरण कंपनी को इस बारे में पत्र भेजा गया है। इसमें कहा गया कि जेबीएस इंटरप्राइजेस कंपनी के द्वारा उनकी ईपीएफ राशि जमा नहीं की गई। इसके विकल्प में विभाग पर देनदारी बनती है। 9 जून तक इसका भुगतान नहीं किया गया है। साथ ही बोनस भी बकाया है। विभाग को कई बार अवगत कराया गया लेकिन कुछ हल नहीं निकला। सभी ऑपरेटरों की सहमति से कंपनी को 7 दिन का समय दिया या है। जरूरी कार्यवाही नहीं होने पर 16 जून से ठेका कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। अध्यक्ष मनहरण तिवारी और ललित किशोर बरेठ ने कहा कि अव्यवस्था होने पर विभाग जिम्मेदार होगा।

## कैंसर पर एमडी की पढ़ाई कर रही लेडी डॉक्टर ने की खुदकुशी

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** कोयलांचल कुसमुंडा के लोग आज सुबह उस सूचना को सुनकर हैरान हो गए जब उन्हें पता चला कि एक एक लेडी डॉक्टर ने अपने घर पर खुदकुशी कर ली। वह फंदे पर लटकी मिली। कुसमुंडा पुलिस ने बीएनएसएस की धारा के अंतर्गत मर्ग क्रमांक 33/25 कायम किया है।

विकास नगर एसईसीएल कालोनी के आवास क्रमांक एम 55 में आज सुबह यह घटना हुई। इसका समय 8.45 से 9.45 के बीच बताया गया। इस घटना में 29 वर्षीय कुमारी छाया गौतम पिता शशि भूषण गौतम की मौत हो गई। मृतका के पिता कोयला कंपनी में कर्मचारी है। उनका परिवार यहां निवासरत हैं।

कुसमुंडा थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि मृतका डॉक्टर इन दिनों कैंसर विषय पर एमडी की पढ़ाई कर रही थी। कुछ वर्ष पहले उसने एमबीबीएस किया था और प्रेक्टिस में थी।

परिजनों के हवाले से पुलिस ने बताया कि इस मामले को लेकर शुरूआती जानकारी मिली कि छाया कुछ दिन से डिप्रेशन में थी। हालांकि इसके पीछे वजह क्या रही, यह स्पष्ट नहीं हो सका।हालांकि एक दो बार उसने काम के दबाव का जिक्र जरूर अपने परिजनों से किया था। इससे ऐसा माना जा रहा है कि दबाव को बर्दाश्त नहीं कर पाने के कारण उसने अप्रिय कदम उठा लिया। सामान्य वर्ग से वास्ता रखने और अपनी पढ़ाई पर गंभीरता दिखाने के साथ अत्याधिक चार्च के बावजूद डॉक्टर द्वारा खुदकुशी करने की घटना ने लोगों को डिप्रेशन में ला दिया है। छाया के पिता द्वारा 10.30 बजे सुबह पुलिस थाना मामले की जानकारी दी गई। जिस पर पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंची और शव को फंदे से उतारा गया। अगली प्रक्रिया के लिए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## उदय फाउंडेशन से स्वाति को मिला रानी अहिल्या बाई सम्मान

**कोरबा।** कोयलांचल दीपका की सामाजिक कार्यकर्ता स्वाति राजवाड़े लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर सम्मान से अलंकृत हुईं। राजधानी रायपुर में उदय चेरीटेबल वेल्फेयर फाउंडेशन ने यह कार्यक्रम आयोजित किया। मेयर श्रीमती मिनाल चौबे मुख्य अतिथि, प्रो. डॉ. संजीव कर्मकार सर्व समाज प्रांत अध्यक्ष व श्रीमति ममता शर्मा अध्यक्ष मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण विशिष्ट अतिथि थे।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कोने कोने से आए सभी कलाकारों, समाज सेवकों, सैनिक परिवारों , एवं समाज मे उच्चतम कार्य कर रहे वे तमाम हस्तियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात राज्य गीत अरपा पैरी की धार एवं दीप प्रज्वलित करके किया. जिसमें



भोरम देव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन से निष्ठा ने बहुत ही सुन्दर धुन में राज्य गीत प्रस्तुत किया। टीम अग्निवीर के टीम द्वारा सुन्दर प्रस्तुति दी गयी जिसमें नारी सशक्तिकरण एवं देश के प्रति प्रेम न्यौछावर, बलिदान को सुन्दर प्रस्तुति के माध्यम से बताया। उदय चेरीटेबल वेल्फेयर फाउंडेशन अध्यक्ष सुषमा पटनायक जी ने रानी अहिल्या बाई के जीवन के बारे मे उनसे प्रेरित हों।

## कापानवापारा क्षेत्र में सक्रिय हैं 21 हाथी

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज को हाथियों ने अपना बसेरा बना लिया है। यहां के जंगल में अधिकांश समय हाथी विचरण करते रहते हैं। हाथियों द्वारा बीच-बीच में आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंचकर जहां ग्रामीणों के मकान को क्षतिग्रस्त कर देते हैं वहीं खेतों में लगे फसल



को भी मटियामेट करने से नहीं चूकते। हाथियों के लगातार उत्पात जारी रहने से ग्रामीण काफी परेशान हैं। ग्रामीणों द्वारा हाथी समस्या के समाधान के लिए लगातार वन विभाग तथा जिला प्रशासन से मांग की जा रही है लेकिन समस्या के समाधान के लिए न तो वन विभाग ही कोई ठोस कदम उठा रहा है और न ही जिला प्रशासन। फलस्वरूप क्षेत्र में हाथी की समस्या लगातार बनी हुई है। केंदई रेंज के कापानवापारा सर्किल में इन दिनों 21 की संख्या में हाथी घूम रहे हैं। जिसकी निगरानी वन विभाग द्वारा लगातार की जा रही है। विभाग की यह कोशिश है कि हाथियों का दल आबादी वाले क्षेत्रों में न पहुंचने पाए। उधर पसान रेंज के बनिया गांव में एक लोनर हाथी के पहुंचने से ग्रामीण दहशत में हैं।

## ग्राहकों को बिना कोलैटरल वित्तीय सहायता सुलभ कराएगी वेदांता की बालको इकाई

**कोरबा।** वेदांता एल्युमीनियम, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ एक सहमति करार (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत वेदांता अपनी बाल्को इकाई के माध्यम से अपने ग्राहकों को बिना कोलैटरल वित्तीय सहायता सुलभ कराएगी। वेदांता एल्युमीनियम के ग्राहकों को कम ब्याज दरों पर वर्किंग कैपिटल उपलब्ध होगा। मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को न्यूनतम दस्तावेज और न्यूनतम ब्याज दरों पर ऋण सुलभ कराया जाएगा।ऋण की सीमा प्रति ग्राहक 10 लाख से 10 करोड़ तक होगी, जिसे आवश्यकता अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

वेदांता मेटल बाजार, जो एल्युमीनियम उत्पादों के लिए कंपनी का ई-सुपरस्टोर है, के साथ इस वित्तपोषण कार्यक्रम को जोड़ा जाएगा। इससे ऋण प्रक्रिया डिजिटल और सुव्यवस्थित होगी, जिसमें ऋण की मंजूरी कम समय में होगी, डिजिटल समन्वय रहेगा, और इनवॉइस की वास्तविक समय ट्रैकिंग होगी। इस संबंध में वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ राजीव कुमार ने कहा की एमएसएमई भारत के विनिर्माण और औद्योगिक इकोसिस्टम की रीढ़ हैं। हम सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से साझेदारी कर उन्हें सुलभ और सस्ता वर्किंग कैपिटल उपलब्ध करा रहे हैं। यह एल्युमीनियम वैल्यू चेन को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। वेदांता मेटल बाजार एक ई-सुपरस्टोर है जो एल्युमीनियम उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। इसमें 750 से अधिक उत्पाद वेरिएंट उपलब्ध हैं, और यह एआई के आधार पर सबसे सही मूल्य पता करने की सुविधा भी प्रदान करता है।

# करते रहेंगे रेत चोरी, दखल देने पर युवक को धमकी

### काफी समय से चल रहा खेल

**कोरबा।** 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत और अन्य खनिज के दोहन पर रोक लगना है। इसलिए अब यहां-वहां चोरी से लेकर अवैध भंडारण के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में हस्तक्षेप करने पर मनीष जायसवाल को जान से मारने की धमकी मिली। उसने थाना कोतवाली से लेकर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और राष्ट्रपति तक इसकी शिकायत की। पीड़ित पक्ष चाहता



है कि उसकी शिकायत पर कार्यवाही हो।

खबर के अनुसार सर्वमंगला रोड में रहने वाले मनीष जायसवाल ने शिकायत में बताया कि 12 जून को यह घटना हुई। वह अवैध रेत खनन और परिवहन को लेकर हसदेव नदी व अन्य क्षेत्र में वीडियो बना रहा था। उसने कुछ मामले सरकार के संज्ञान में लाएं है। इस पर कोरबा निवासी प्रमोद कुमार ने उसे धमकाते हुए डराया। जायसवाल का कहना है कि हसदेव नदी के आसपास से बहुत सारे चोर उचक्के इस काम को कर रहे हैं। इनके कारण नदी को नुकसान हो रहा है। इसके अलावा आर्थिक क्षति भी हो रही है। वहीं माइनिंग विभाग ने बताया रेत चोरी और अवैध परिवहन पर निगरानी की जा रही है।

## एसबीएस कालोनी का निरीक्षण

**कोरबा।** आज कंपनी वेलफेयर कमेटी के सदस्यों के द्वारा एसबीएस कालोनी का निरीक्षण किया गया। इनके द्वारा आवासों के मरम्मत और एवं साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया गया। इस दौरान बाबूलाल चंद्रा, दिनेश साहू, विपिन सिंह, एनके साव सहित अन्य सदस्यों ने कालोनी के संबंध में जानकारी ली। जबकि कल वेलफेयर कमेटी के सदस्यों के द्वारा सराईपाली क्षेत्र जाकर कोयला कामगारों से मुलाकात की। यहां पर उनके साथ राजेश साहू, एस.मूर्ति सहित अन्य सदस्य थे।

## रजगामार सड़क पर लाइट लगाने का मुद्दा उठा

**कोरबा।** पिछले दिनों एसईकेएमसी की आईआर बैठक रजगामार कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें मांग करते हुए कहा गया कि कोयला कामगार अपने कार्यों को लेकर कोरबा आते-जाते हैं। रात्रि के समय काफी परेशानी होती है। रजगामार रोड पर लाइट लगाने की जरूरत है। प्रबंधन ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया है। एसईकेएमसी के कार्यकर्ता राजेश साहू, रामनाथ कश्यप, शंकर निर्मलकर, जनक राठौर ने कहा कि प्रबंधन चोरों के डर से इस मार्ग पर बिजली तार लगाने में घबरा रही है लेकिन लाइट के लिए दूसरा विकल्प भी खुला हुआ है। रात में जलने वाले बल्ब ही यहां लगाए गए। उन्होंने कहा कि रात्रि के समय में कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रबंधन को इस दिशा में ठोस कदम उठाना होगा।

## कश्यप ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा संकल्प सिद्धि कार्यक्रम के तहत प्रत्येक मंडलों में संयोजक बनाए गए हैं। इनके द्वारा सभी मंडलों में बैठक लेकर पौधे लगाने का काम चल रहा है। पाली मंडल के संयोजक कीर्ति कश्यप के द्वारा कार्यकर्ताओ की बैठक ली गई। नए मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल ने बताया कि पाली मंडल में भी पौधे लगाए जाएंगे। सभी शक्ति केंद्रों में संयोजक व सहसंयोजकों की नियुक्ति कर दी गई है। यह कार्य कल भिलाई बाजार मंडल में भी किया गया। यहां के संयोजक हरिश थरवानी व मंडल अध्यक्ष विनोद राठौर ने पौधे लगाए। अब सभी शक्ति केंद्रों में पौधे लगाए जाएंगे।

## घर वापसी प्रमुख जूदेव लेंगे बैठक

**कोरबा।** ऑपरेशन घर वापसी अभियान के राष्ट्रीय प्रमुख प्रबल प्रताप जूदेव 17 जून को रामपुर में विधानसभा स्तरीय बैठक लेंगे। इस बैठक में घर वापसी के संबंध में कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की जाएगी। बैठक में धर्मसेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह, विभाग संयोजक विष्णु पटेल, सहसंयाजेक रूपेंद्र गभेल, अंजू गभेल, जिला संयोजक राकेश शर्मा मौजूद रहेंगे। बैठक में विभाग के लोगों को भी आमंत्रित किया गया है ताकि उनके क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दिया जा सके। आने वाले दिनों में घर वापसी कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। जिसकी तैयारी राजा कुशवाहा, घनश्याम राठौर, राधेश्याम सिंह, मोहित वाधवानी के द्वारा की जा रही है।

## 628वीं जयंती पर याद किए गए कबीर दास

**पाली।** नगर पंचायत पाली में ब्लॉक स्तरीय 628 वीं कबीर प्राकट्य दिवस मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणी कबीरदास जी के तैल्य चित्र पर उपस्थित संत महंतों एवं सामाजिक बंधु ने पूजा अर्चना कर किया। तत्पश्चा सभी महंतों को रथ पर विराजमान कर एवं कन्याओं को अपने-अपने सिर पर कलश रखवा कर डीजे धमाल के साथ बड़ी ही हर्षोल्लास के साथ शोभा यात्रा को प्रारंभ किया गया शोभायात्रा में पूरे नगर का भ्रमण कर पुनः कबीर कुटीर भवन में पहुंचे। विशिष्ट अतिथि में डॉ. पवन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष, अजय जायसवाल नगर पंचायत अध्यक्ष, सत्यनारायण पैकरा जनपद सदस्य एवं संतोष दास महंत मानिकपुरी पनिका समाज



जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे। सभी अतिथियों द्वारा सदगुरु कबीर के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कबीर साहब जी से आशीर्वाद प्राप्त किया सभी अतिथियों का मंच पर पुष्प माला से स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय सवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि संत शिरोमणी कबीरदास जी ने समाज ही नहीं वरन सभी मानव समाज को संदेश दिया की जाति धर्म और समजिक स्थिति के आधार पर भेदभाव न करना,प्रेम सहिष्णुणता और समानता का संदेश दिया । पाखंड व दिखावें से बचने ,जीवन में सदाचार अपनाने,समाजस्य पूर्व जीवन जीने की सीख दी है। समाज के प्रबुद्ध जनों ने जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह जी से कबीर भवन में पानी की व्यवस्था बनाने के लिए मांग रखी जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा भरोसा जताते हुए कहा कि बहुत ही जल्द पानी की व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया जाएगा कहकर आश्वासन दिया इस कार्यक्रम में 10वीं 12वीं में 75त्न से ऊपर के जो छात्र-छात्राएं थे उनके मंच पर भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम दास महंत,मया दास एवं रामेश्वर दास पड़वार द्वारा किया गया कार्यक्रम के मार्गदर्शनकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष कंवल दास महंत ,पूर्व अध्यक्ष कपिल दास महंत ,ब्लॉक सचिव मोहर दास महंत, शोभायात्रा प्रभारी गोरे दास महंत,राजू दास महंत,श्रवण दास, एवं समस्त ब्लॉक व सोसायटियों के पदाधिकरियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रहा। कार्यक्रम में आमीन माताएं बच्चे एवं सामाजिक बंधु सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।



**अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनी देखी मुख्यमंत्री ने :** कोरबा प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में राजकाज से लेकर सामाजिक, धार्मिक व न्याय से संबंधित चित्रों को शामिल किया गया। संस्कार भारती के कला साधकों के द्वारा ये चित्र तैयार किए गए। उन्होंने रंग और तुलिका के माध्यम से अपनी कल्पना को इन चित्रों में साकार किया। संस्कार भारती के प्रांतीय पदाधिकारी हेमंत माहुलिकर ने मुख्यमंत्री को चित्र प्रदर्शनी और संस्कार भारती के कार्यों के साथ अहिल्याबाई होल्कर की जन्मशती पर आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इन प्रयासों की सराहना की।

## केशव भवन का किया लोकार्पण


**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कोरबा स्थित प्रदेश के सबसे बड़े सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में नन्हें-मुन्हें बच्चों के लिए नवनिर्मित केशव भवन (शिशु वाटिका) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिवार और समस्त नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भवन शिक्षा, संस्कृति और संस्कारों का संगम बनेगा। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि केशव भवन बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम सिद्ध होगा। सरस्वती शिशु मंदिर संस्था शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान दे रही है। यहां विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि उत्तम संस्कार भी प्रदान किए जाते हैं।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com